आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 अंक : 157 हापुड़, मंगलवार 24 दिसंबर 2024 RNI.NO. UPHIN/2020/86789 मूल्य:03 पेज़: 06

## गुजरात के कच्छ में 3.7 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं

अहमदाबाद । गुजरात के कच्छ जिले में सोमवार को सुबह 3.7 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंपीय अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) ने यह जानकारी दी। जिला प्रशासन ने बताया कि भूकंप से किसी के हताहत होने या संपत्ति व अन्य किसी नुकसान की कोई सूचना नहीं है। गांधीनगर स्थित आईएसआर ने बताया कि भूकंप सुबह 10 बजकर 44 मिनट पर आया और इसका केंद्र लखपत से 76 किलोमीटर उत्तर-उत्तर पूर्व में था। इस महीने जिले में अब तक दो बार तीन तीव्रता से अधिक का भूकंप महसूस किया गया है। आईएसआर के अनुसार, सात दिसंबर को जिले में आए भूकंप की तीव्रता 3.2 दर्ज की गई थी। पिछले महीने 18 नवंबर को कच्छ में चार तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था। आईएसआर के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले 15 नवंबर को उत्तर गुजरात के पाटन में 4.2 तीव्रता का भूकंप आया था। गुजरात, उच्च भूकंप जोखिम वाला क्षेत्र है। गुजरात राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जीएसडीएमए) के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 200 वर्षों में गुजरात में नौ बार भीषण भूकंप की घटनाएं हुई हैं। जीएसडीएमए के अनुसार, 26 जनवरी, 2001 को कच्छ में आया भूकंप पिछले दो शताब्दियों में भारत में आया तीसरा सबसे बड़ा तथा दूसरा सबसे विनाशकारी भूकंप था। भूकंप में जिले के कई कस्बे और गांव लगभग पूरी तरह नष्ट हो गए थे, जिसमें लगभग 13,800 लोग मारे गए और 1.67 लाख अन्य घायल हुए थे।

## पीएम मोदी ने 71,000 युवाओं को बांटा नियुक्ति पत्र, बोले- 'भारत का युवा, नए आत्मविश्वास से भरा हुआ'



नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'रोजगार मेला' के तहत सरकारी विभागों और संगठनों में चयनित 71,000 से अधिक कर्मियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, आज आपके जीवन की नई शुरुआत हो रही है। आपकी वर्षों की मेहनत सफल हुई है। 2024 का ये साल आपको और आपके परिजनों को नई खुशियां देकर जा रहा है। मैं आप सभी को बधाई देता हूं। पिछले दस सालों से सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थाओं में सरकारी नौकरी देने का अभियान चल रहा है। आज भी 71,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। बीते डेढ़ साल में करीब दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। ये अपने आप में रिकॉर्ड है। आज भारत का युवा, नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है। वो हर सेक्टर में अपना परचम लहरा रहा है। भारत के युवाओं की क्षमता और प्रतिभा का पूरा उपयोग हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा कि अंतरिक्ष से लेकर रक्षा तक, पर्यटन से लेकर वेलनेस तक, आज भारत हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। राष्ट्र में सच्चा विकास सुनिश्चित करने के लिए हमें 'युवा प्रतिभा' को निखारने की जरूरत है और यह जिम्मेदारी वास्तव में शिक्षा प्रणाली पर है। पहले पाबंदियों के कारण जो शिक्षा व्यवस्था छात्रों पर बोझ बन जाती थी, वो अब उन्हें नए विकल्प दे रही है। अटल टिंकरिंग लैब्स और आधुनिक पीएम श्री स्कूलों के जरिए बचपन से ही इनोवेटिव माइंडसेट को गढ़ा जा रहा है। आज यहां हजारों बेटियों को भी नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। आपकी सफलता दूसरी महिलाओं को प्रेरित करेगी। हमारा प्रयास है कि हर क्षेत्र में महिलाएं आत्मनिर्भर बनें। पीएम मोदी ने आगे कहा कि भाषा एक समय हाशिए पर रहने वाले समुदायों के लिए शिक्षा में एक महत्वपूर्ण बाधा थी। हालांकि हमने इस अंतर को पाटने के लिए अपनी नीतियों में क्रांति ला दी है। आज छात्र 13 भाषाओं में से किसी एक में परीक्षा देना चुन सकते हैं। भारत ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। हमें इस संकल्प पर भरोसा है इस लक्ष्य की प्राप्ति का विश्वास है। आज भारत का युवा नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है और वो हर सेक्टर में अपना परचम लहरा रहा है। आज हम दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं।

## अहमदाबाद में असामाजिक तत्वों ने बाबा साहेब की प्रतिमा को किया खंडित, सड़कों पर उतरे लोग

अहमदाबाद । अहमदाबाद के खोखरा इलाके में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने खंडित किया है। इससे इलाके में तनाव पैदा हो गया है। खोखरा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए हैं। जानकारी के मुताबिक खोखर इलाके में के.के. शास्त्री कॉलेज के सामने डॉ जयंती वकील चॉल के पास बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा लगी है। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा की नाक तोड़ दी गई है। सुबह इसकी जानकारी मिलने पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों की मांग है कि जब तक बाबा साहेब की प्रतिमा को खंडित करने वाले आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हो जाती, तब तक वे सड़क से नहीं हटेंगे। अमराईवाड़ी के नगरसेवक और कांग्रेस पार्टी के नेता जगदीश राठौड़ ने कहा कि खोखरा में डॉ जयंती वकील चॉल के पास सुबह-सुबह असामाजिक तत्वों ने बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमा को खंडित किया। बाबा साहब की प्रतिमा खंडित कर शहर की शांति भंग करने की कोशिश की गई है, हम तत्काल पुलिस से मांग करते ही की ऐसे असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार करे और सजा दिलाए।

## योगी सरकार ने प्रदेश के 122 सीएचसी को 'कायाकल्प अवॉर्ड' दिलाने के लिए कसी कमर



लखनऊ । योगी सरकार स्वास्थ्य इकाइयों में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। ऐसे में सीएम योगी के निर्देश पर जिला अस्पताल से लेकर 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) प्रमाण पत्र दिलाने के लिए तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इसके अलावा स्वास्थ्य इकाइयों को कायाकल्प अवॉर्ड के लिए भी तैयार किया जा रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक ने 122 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का जल्द से जल्द एक्सटर्नल एसेसमेंट कराने के निर्देश दिए हैं। मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए स्वास्थ्य इकाइयों को टेक्नोलॉजी से जोड़ा जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के सभी अपर निदेशकों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को जारी पत्र में मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने निर्देश दिए हैं कि 24 से 29 दिसंबर के बीच इन सभी स्वास्थ्य इकाइयों का एक्सटर्नल असेसमेंट करा लिया जाए। हर स्वास्थ्य इकाई के लिए बाकायदा तीन-तीन एसेसर और असेसमेंट की तारीख निर्धारित कर दी गई है। पत्र के अनुसार कानपुर और जौनपुर में सात-सात, बरेली व सिद्धार्थनगर में छह-छह, कानपुर देहात व शाहजहांपुर में पांच-पांच, लखनऊ, बाराबंकी, वाराणसी, बस्ती, संतकबीरनगर, आगरा, बुलंदशहर, भदोही व मथुरा में चार-चार, फतेहपुर, कौशांबी, प्रतापगढ़, संभल, पीलीभीत, बागपत, जीबी नगर, सहारनपुर, फिरोजाबाद, एटा, अलीगढ़, अंबेडकरनगर, मिर्जापुर व उन्नाव में तीन-तीन, अमेठी, औरैया, हाथरस में दो-दो, लखीमपुर खीरी, कासगंज, प्रयागराज में एक-एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का एक्सटर्नल असेसमेंट किया जाना है। इन मानकों को पूरा करने पर दिया जाता है कायाकल्प अवॉर्ड -1.बेहतर चिकित्सा सुविधा 1.स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई, स्वच्छता 1.अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन और संक्रमण नियंत्रण पद्धति बेहतर

## 'ये लोग खोदते-खोदते एक दिन अपनी सरकार खोद देंगे' - अखिलेश का भाजपा पर निशाना



इटावा । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के इटावा में भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने हर जगह मंदिर या अन्य जगह खुदाई पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के लोग एक दिन खोदते-खोदते अपनी सरकार खोद देंगे। सपा मुखिया ने यहां पत्रकारों से बातचीत में संभल में मंदिर मिलने पर कहा, ये ऐसे ही खोदते रहेंगे और खोदते-खोदते एक दिन अपनी सरकार को खोद देंगे। ये मठ विधान पर चलने वाले लोग हैं। सरकार हटेगी तभी आवारा पशु हट पाएंगे। 'वन नेशन-वन इलेक्शन' वाले अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं चुन पाए। उन्होंने बाराबंकी के सपा विधायक द्वारा भाजपा को हिन्दू आतंकवादी कहे जाने वाले बयान पर कहा कि जो लोग नफरत फैलाते हैं, लोगों को मारते हैं, सड़क पर नंगा कर देते हैं, उन्हें क्या कहा जाए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के बयान को राजनीति से प्रेरित बताते हुए उन्होंने कहा कि यह भाजपा की अंडरग्राउंड विचारधारा है। उन्होंने कहा कि अगर मोहन भागवत मुख्यमंत्री को एक फोन कर दें तो सारे सर्वे और सारे विवाद बंद हो जाएंगे। ये बयान राजनीतिक लाभ के लिए दिए जा रहे हैं। उन्होंने बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी पर भी भाजपा को घेरा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब पूजनीय हैं। भाजपा के सभी नेताओं को माफी मांगनी चाहिए। प्रदेश में सारे गलत काम, जमीन पर कब्जे भाजपा के लोग कर रहे हैं। जगह-जगह लूट और डकैती हो रही है। यह सरकार संविधान के रास्ते पर नहीं चल रही। बैंक के लॉकर लूटे जा रहे हैं।

## कोलकाता एयरपोर्ट पर शुरू हुई उड़ान यात्री कैफे की सुविधा, राघव चड्ढा बोले- इस बदलाव को देखकर खुशी हुई

कोलकाता । अब कोलकाता एयरपोर्ट पर सिर्फ दस रुपये में चाय उपलब्ध है। यह नई पहल यात्रियों के लिए खुशी की वजह बन गई है। आम आदमी पार्टी (आआपा) के सांसद राघव चड्ढा ने इस बदलाव पर खुशी जताते हुए कहा कि यह आम जनता की जीत है। राघव चड्ढा ने संसद के शीतकालीन सत्र में एयरपोर्ट पर खाने-पीने की चीजों के बढ़े हुए दामों का मुद्दा उठाया था। उन्होंने सवाल किया था कि क्यों एयरपोर्ट पर पानी की बोतल के लिए 100 रुपये और चाय के लिए 200-250 रुपये देने पड़ते हैं? यह दाम आम जनता की पहुंच से बाहर है। चड्ढा ने सुझाव दिया था कि एयरपोर्ट्स पर सस्ते कैफे या कैंटीन की सुविधा होनी चाहिए। इस मुद्दे को उठाने के कुछ ही दिनों बाद कोलकाता एयरपोर्ट पर 'उड़ान यात्री कैफे' शुरू किया गया है, जहां सस्ती दरों पर चाय और अन्य चीजें उपलब्ध हैं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ओर से इसे एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। राघव चड्ढा ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए लिखा, इस बदलाव को देखकर खुशी हुई। मैंने संसद के शीतकालीन सत्र में इस मुद्दे को उठाया था। कोलकाता एयरपोर्ट पर चाय के दाम कम हुए हैं। यह आम जनता की जीत है और मैं इस बदलाव का कारण बनकर गर्व महसूस करता हूं। उम्मीद है कि आगे अन्य एयरपोर्ट्स पर भी खाने-पीने की चीजें किफायती होंगी। एयरपोर्ट्स पर 'उड़ान यात्री कैफे' की शुरुआत यात्रियों के लिए एक राहत की बात है। अब यात्रियों को सस्ते में चाय और पानी उपलब्ध होने से यात्रा का अनुभव और बेहतर हो जाएगा।

## भाजपा के पास न कोई मुख्यमंत्री चेहरा और ना कोई एजेंडा - अरविंद केजरीवाल



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव में भाजपा के पास न कोई मुख्यमंत्री चेहरा है और ना कोई एजेंडा है। वह केवल केजरीवाल को गालियां देकर चुनाव लडना चाहती है। दिल्ली में आधी सरकार हमारी है और आधी सरकार भाजपा की है। हमारी सरकार ने दिल्ली में बिजली, पानी, महिलाओं के लिए मुफ्त बस का सफर, सड़कें समेत काफी काम किए, भाजपा ने क्या काम किया। आज दिल्ली की कानून व्यवस्था चरमराई हुई है, गैंगस्टर्स खुलेआम घूम रहे हैं, गोलियां चल रही हैं। लोगों ने इन्हें कानून व्यवस्था संभालने का काम दिया था, लेकिन यह भी संभाल नहीं पाए। उन्होंने कहा कि इनका एक ही मेनिफेस्टो है कि केजरीवाल को आने वाले 5 साल में गालियां देंगे। दिल्लीवाले बताएं कि क्या गालियों से दिल्ली का विकास हो सकता है? भाजपा के आरोप पत्र वाले सवाल पर केजरीवाल ने कहा कि भाजपा के पास दिल्ली का चुनाव लड़ने के लिए कोई एजेंडा नहीं है, कोई योजना नहीं है। भाजपा दिल्ली के लोगों को यह बताएं कि पिछले 5 साल में इन्होंने दिल्ली के लिए क्या क्या काम किया?। उन्होंने कहा कि लोगों ने दिल्ली के अंदर इन्हें कानून व्यवस्था संभालने का एक ही काम दिया था, लेकिन इन्होंने यह भी नहीं किया। दिल्ली में सातों सांसद इनके हैं, एलजी इनके हैं। इनकी केंद्र सरकार के पास करोड़ों-अरबों रुपये हैं। चार सड़कें ही बना देते। दिल्ली में कुछ नए अस्पताल बना देते। भाजपा वाले कुछ तो करते, लेकिन इन्होंने कोई काम नहीं किया। अंत में अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अब दिल्ली विधानसभा के चुनाव में आए हैं तो कभी चार्ज शीट निकालते हैं, कभी मुझे गालियां देते हैं। इन्हें केवल गालियां देना आता है।

## राहुल गांधी के परभणी दौरे पर मायावती का तंज, कहा- केवल बुरे वक्त में याद आते हैं दलित-पिछड़े



लखनऊ । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के महाराष्ट्र के हिंसा प्रभावित परभणी दौरे को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने निशाना साधा। उन्होंने इसे घड़ियाली आंसू करार देते हुए कहा कि बाबासाहेब के जीते जी और उनके निधन के बाद भी कांग्रेस का उनके व उनके अनुयायियों के प्रति रवैया हमेशा जातिवादी व तिरस्कारी रहा है। उन्होंने कहा कि इनको दलित-पिछड़ों की याद केवल इनके बुरे वक्त में आती है। बसपा अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारतीय संविधान के मूल निर्माता परम पूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का अनादर/अपमान व उनके करोड़ों अनुयायियों के प्रति हीन भावना का दुखद परिणाम है कि परभणी जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुई। साबित है कि कांग्रेस व भाजपा आदि कोई इनका सच्चा हितैषी नहीं सबकी नियत, नीति में खोट है। उन्होंने आगे लिखा, परभणी घटना को लेकर कांग्रेसी नेता का आज का दौरा घड़ियाली आंसू है, क्योंकि बाबा साहेब के रहते हुए व उनके देहांत के बाद भी कांग्रेस का उनके और उनके अनुयायियों के हित व कल्याण के प्रति रवैया हमेशा जातिवादी व तिरस्कारी रहा है। इनको दलित-पिछड़ों की याद केवल इनके बुरे वक्त में आती है। पूर्व सीएम मायावती ने आगे कहा, इसी क्रम में केंद्रीय गृहमंत्री से संसद में बाबा साहेब विरोधी टिप्पणी को वापस लेने की मांग को लेकर बीएसपी द्वारा कल देश भर में जिला मुख्यालयों पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने की सर्व समाज से अपील है। बाबा साहेब के नाम पर छलावा पूर्ण राजनीति करने वालों से सावधानी जरूरी है। उन्होंने आखिरी पोस्ट में लिखा, बीएसपी का अंबेडकरवादी आत्मसम्मान का मूवमेंट 'बहुजन समाज' को वोट के माध्यम से शासक वर्ग बनाने का राजनीतिक मिशन है, जबकि दूसरी पार्टियां केवल इनके वोटों के स्वार्थ की खातिर अंबेडकरवादी होने का ढोंग करती रहती हैं। दलित/बहुजन के हितों में इनके मुंह में राम बगल में छुरी जैसा है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के परभणी में 10 दिसंबर की शाम को बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा के पास संविधान की प्रतिकृति को क्षतिग्रस्त किए जाने के बाद हिंसा भड़क उठी गई थी। राहुल गांधी सोमवार को यहां जा रहे हैं। वह इस दौरान कथित हिंसा में मारे गए सोमनाथ सूर्यवंशी और विजय वाकोडे के परिवार से मिलेंगे।

## मोदी ने चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के बड़े नेता रहे भारत रत्न चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गरीबों और किसानों के सच्चे हितैषी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण और सेवाभाव हर किसी को प्रेरित करता रहेगा। उल्लेखनीय है कि किसान नेता की जयंती को हर वर्ष राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## भारत-पाक जोड़ा- सीमा और सचिन अपने पहले बच्चे के स्वागत की तैयारी में

नोएडा । पाकिस्तान से अपने चार बच्चों के साथ पिछले साल भारत आयी सीमा हैदर गर्भवती है। नए मेहमान के आगमन को लेकर सीमा और उसका भारतीय पति सचिन काफी उत्साहित हैं। सीमा हैदर सोशल मीडिया पर प्यार होने के बाद बीते बरस 13 मई को पाकिस्तान की सीमा पार कर नेपाल के रास्ते भारत आयी थी। सीमा का पहला विवाह पाकिस्तान में हुआ था और पहले पति से उसके चार बच्चे हैं। दिल्ली से सटे गौतम बुद्ध नगर के रबूपुरा में अपने पति के साथ रह रही सीमा हैदर ने कहा कि पाकिस्तान से उसकी तीन बेटियां और एक बेटा उसके साथ भारत आये थे। उसने कहा कि अब पूरा परिवार पांचवें बच्चे का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। सीमा ने कहा "यह बच्चा हम दोनों की मोहब्बत की निशानी है। मुझे खुशी है कि यह बच्चा हिंदुस्तानी होगा। ये भगवान का आशीर्वाद है।" उसने अपने हाथ पर भगवान कृष्ण का टैटू बनवा रखा है।

## राष्ट्रपति ने राज्यसभा का सत्रावसान किया

नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राज्यसभा का सत्रावसान कर दिया। राज्यसभा सचिवालय ने बताया कि राष्ट्रपति ने राज्यसभा का सत्रावसान कर दिया है। संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवम्बर को शुरू हुआ था और 20 दिसम्बर को राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी थी।

## आशा है कि किसानों से किए वादों को पूरा करेगी सरकार- खरगे



नई दिल्ली । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को किसानों के साथ अब और "अन्याय" नहीं करना चाहिए और उनसे किए वादे को पूरा करना चाहिए। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "किसान ही हिन्दुस्तान है, देश का अभिमान है। सभी किसान बहन-भाइयों को, खेत-मज़दूरों को किसान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। देश के किसानों के लिए संघर्षरत रहे, भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन।"उन्होंने कहा, "आशा है कि मोदी सरकार अपनी ज़िद और किसान-विरोधी नीतियों से हमारे अन्नदाता किसानों के प्रति और अन्याय न करें और अपने पुराने वादों पर अमल करें।'

## सरकार ने युवाओं के सपने को भी कमाई का जरिया बना लिया है- प्रियंका गांधी



नई दिल्ली । कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार ने युवाओं के सपनों को भी कमाई का जरिया बना लिया है। उन्होंने लखनऊ स्थित 'कल्याण सिंह अतिविशिष्ट कैंसर संस्थान' में परीक्षा संबंधी आवेदन पत्र पर 18 प्रतिशत की जीएसटी लगाए जाने संबंधी एक नोट का हवाला दिया। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "भाजपा युवाओं को नौकरी तो दे नहीं सकती, लेकिन परीक्षा फॉर्म पर 18 प्रतिशत जीएसटी वसूलकर युवाओं के जख्मों पर नमक जरूर छिड़क रही है। 'अग्निवीर' समेत हर सरकारी नौकरी के फॉर्म पर जीएसटी वसूली जा रही है। फॉर्म भरने के बाद सरकार की विफलता से पेपर लीक हुआ, भ्रष्टाचार हुआ तो युवाओं के ये पैसे डूब जाते हैं।"उन्होंने आरोप लगाया, "माता-पिता अपना तन-पेट काटकर, पाई-पाई जोड़कर बच्चों को पढ़ाते हैं, तैयारी कराते हैं, लेकिन भाजपा सरकार ने उनके सपनों को भी कमाई का जरिया बना लिया है।"

# संपादकीय

## इस व्रत को करने पर हनुमानजी करेंगे सभी कष्ट दूर, जानें महत्व

हनुमानजी को पराक्रम, बल, सेवा और भक्ति के आदर्श देवता माने जाते हैं। इसी वजह से पुराणों में हनुमानजी को सकलगुणनिधान भी कहा गया है। गोस्वामी तुलसीदास ने भी लिखा है कि- 'चारो जुग परताप तुम्हारा है परसिद्ध जगत उजियारा।' इस चौपाई का अर्थ है कि हनुमानजी इकलौते ऐसे देवता हैं, जो हर युग में किसी न किसी रूप गुणों के साथ जगत के लिए संकटमोचक बनकर मौजूद रहेंगे। शास्त्रों में कहा गया है कि हनुमानजी की सेवा करने और उनका व्रत रखने से उनकी विशेष कृपा अपने भक्तों पर बनी रहती है। जानिए मंगलवार की व्रत कथा और पूजन विधि।



### ● हनुमानजी का व्रत करने का लाभ

ज्योतिष शास्त्रों के अनुसार, हनुमानजी का व्रत करने से कुंडली में मौजूद सभी ग्रह शांत हो जाते हैं और उनकी अशीम कृपा प्राप्त होती है। अपने भक्तों पर आने वाले हर संकट को हनुमानजी दूर करते हैं। संतान प्राप्ति के लिए हनुमानजी का व्रत फलदायी माना जाता है। इस व्रत को करने से भूत-प्रेत और काली शक्तियों का प्रभाव नहीं पड़ता है। मंगलवार का व्रत करने से सम्मान, साहस और पुरुषार्थ बढ़ता है।

### ● मंगलवार पूजन विधि

हनुमानजी का व्रत लगातार 21 मंगलवार करना चाहिए। मंगलवा के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान वगैरह से निवृत्त होकर सबसे पहले हनुमानजी का ध्यान करें और व्रत का संकल्प करें। इसके बाद ईशान कोण की दिशा (उत्तर-पूर्व कोने) में किसी एकांत स्थान पर हनुमानजी की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें। फिर गंगाजल के छीटें देकर उनका लाल कपड़ा धारण कराएं। फिर पुष्प, रोली और अक्षत के छीटें दें। इसके बाद चमेली के तेल का दीपक जलाएं और तेल की कुछ छीटें मूर्ति या तस्वीर पर डाल दें। इसके बाद हनुमानजी फूल अर्पित करें और अक्षत व फूल हाथ में रखकर उनकी कथा सुनें और हनुमान चालिसा और सुंदरकांड का पाठ भी करें। इसके बाद आप भोग लगाएं और अपनी मनोकामना बाबा से कहें और प्रसाद सभी में वितरण कर दें। अगर संभव हो सके तो दान जरूर करें। शाम के समय भी हनुमान मंदिर जाकर चमेली के तेल का दीपक जलाएं और सुंदरकांड का पाठ करें और उनकी आरती करें। 21 मंगलवार के व्रत होने के बाद 22वें मंगलवार को विधि-विधान के साथ बजरंगबली का पूजा कर उन्हें चोला चढ़ाएं। उसके बाद 21 ब्राह्मणों को बुलाकर उन्हें भोजन कराएं और क्षमतानुसार दान-दक्षिणा दें।

### ● मंगलवार व्रत कथा

एक समय की बात है एक ब्राह्मण दंपत्ति प्रेमभाव से साथ-साथ रहते थे लेकिन उनकी कोई संतान ना होने के कारण दुखी रहते थे। ब्राह्मण हर मंगलवार के वन जाकर हनुमानजी की पूजा करने जाता था और संतान की कामना करता था। ब्राह्मण की पत्नी भी हनुमानजी की बहुत बड़ी भक्त थी और मंगलवार का व्रत रखती थी। वह हमेशा मंगलवार के दिन हनुमानजी का भोग लगाकर ही भोजन करती थी। एक बार व्रत के दिन ब्राह्मणी भोजन नहीं बना पाई, जिससे हनुमानजी का भोग नहीं लग सका। तब उसने प्रण किया कि वह अगले मंगलवार को हनुमानजी को भोग लगाकर ही भोजन करेगी। वह छह दिन तक भूखी-प्यासी रखी और मंगलवार के दिन व्रत के दौरान बेहोश हो गई। ब्राह्मणी की निष्ठा और लगन को देखकर हनुमानजी बहुत प्रसन्न हुए और आशीर्वाद के रूप में एक संतान दी और कहा कि यह तुम्हारी बहुत सेवा करेगा। संतान पाकर ब्राह्मणी बहुत प्रसन्न हुई और उसने बालक का नाम मंगल रखा। कुछ समय बाद जब ब्राह्मण घर आया, तो घर में बच्चे की आवाज सुनाई दी और अपनी पत्नी से पूछा कि आखिर यह बच्चा कौन है? ब्राह्मणी की पत्नी ने कहा कि हनुमानजी ने व्रत से प्रसन्न होकर अपने आशीर्वाद के रूप में यह संतान हम दोनो की दी है। ब्राह्मण को अपनी पत्नी की इस बात पर विश्वास नहीं हुआ। एक दिन जब ब्राह्मणी घर पर नहीं थी तो ब्राह्मण ने मौका देखकर बच्चे को कुएं में गिरा दिया। अजब-गजब हनुमान, पंचायत में करते हैं फैसला, उतारते हैं प्रेम का भूत जब ब्राह्मणी घर लौटी तो उसने मंगल के बारे में पूछा। तभी पीछे से मंगल मुस्कुरा कर आ गया और ब्राह्मण बच्चे को देखकर आश्चर्य चकित रह गया। रात को हनुमानजी ने ब्राह्मण को सपने में दर्शन दिए और बताया कि यह संतान तुम्हारी है। ब्राह्मण सत्य जानकर बहुत खुश हुआ। इसके बाद ब्राह्मण दंपत्ति प्रत्येक मंगलवार को व्रत रखने लगे। शास्त्रों के अनुसार, जो भी मनुष्य मंगलवार व्रत और कथा पढ़ता या सुनता है, उसे हनुमानजी की विशेष कृपा प्राप्ति होती है। उसके सभी कष्ट दूर होते हैं और हनुमानजी की दया के पात्र बनते हैं।

## 24 दिसंबर 2024 का पंचांग






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

सूर्योदय- 07.09 प्रात-
सूर्यास्त- 05.43 सायं
सूर्य राशि- धनु
चंद्र उदय- 1.08 प्रात-
चंद्र अस्त- 1.03 दोपहर
चंद्रमा- रात्रि- 01.51 उपरांत तुला राशि में।

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना मार्गशीर्ष-23 पूर्णिमांत महीना पौष-09 पक्ष-कृष्ण पक्ष-09 तिथि- नवमी सायं- 07.52 तक बाद में दशमी,नक्षत्र-हस्त दोपहर- 12.17 तक बाद में चित्रा,योग-शोभन रात्रि- 08.53 तक बाद में अतिगंड
करण-ग़र रात्रि- 07.52 तक बाद में वणिज, राहु काल दोपहर- 03.00 से 04.30 बजे तक, कुलीक काल दोपहर- 12.00 से 01.30 बजे तक यमगंड प्रात- 09.00 से 10.30 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त दोपहर- 12.04 से 12.47 तक दुमुहूर्त प्रात- 09.16 से 09.58 बजे तक व 11.06 से 11.59 तक
ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 06.31 से 06.21 तक।

## आज 24 दिसंबर का दैनिक राशिफल।

मेष- घर से दूर परीक्षा देने जा सकते है,ससुराल पक्ष से घर पर विवाद को लेकर बातचीत सम्भव है, बड़ी भीड़ में परेशानी हो सकती है।
भाग्य प्रतिशत-50

वृषभ- अहम में किसी से समबन्ध बिगडेगे,बाल झड़ सकते है पेट पर अधिक वसा से परेशानी सम्भव है ट्रीटमेंट लें, होटल में जॉब मिलेगी।
भाग्य प्रतिशत-54

मिथुन- आमदनी के लिए अपने स्तर से नीचे का कार्य करना पड़ सकता है, व्यवसाय के बंद होने की स्तिथि सम्भव है, शुगर होने के संकेत है।
भाग्य प्रतिशत-48

कर्क-खुद को हाईलाईट करना चाहते है,काम से जी ना चुराए, गणित अकाउंट विषय में तैयारी कम हो सकती है ध्यान दे।
भाग्य प्रतिशत-49

सिंह-बड़े स्तर की परीक्षा देना चाहेंगे, तैयारी जी-तोड़ करेंगे, कोई कोर्स कराते है तो उससे धन मिलेगा, किसी बात का अंदर से भय भी रहेगा।
भाग्य प्रतिशत-62

कन्या-अपनी बात को थोड़ा छुपा कर चले, काम बिगड़ सकता है, गृहस्थी में जीवनसाथी से मदद बहुत कहने के बाद मिलेगी, जीवन से थोड़ा नाखुश रह सकते है।
भाग्य प्रतिशत-51

तुला- मन में प्रेम,रोमांस की इच्छा होगी, किसी से मिलना सम्भव है, नकारात्मक विचारधारा परेशान करती रहेगी, किसी की सहायता से नौकरी मिलेगी।
भाग्य प्रतिशत-53

वृश्चिक- सीधे-सपाट बात करेंगे, अंतरआत्मा से सोची बात सच साबित होगी, किसी का दिया कपड़ा सोच समझकर ले।
भाग्य प्रतिशत-56

धनु- उच्चस्तरीय लोगों से संपर्क बढ़ेंगे, प्रभाव में वृद्धि होगी, पिता के व्यवसाय को आगे बढ़ायेंगे, छोटे लोगों से गलत भाषा ना प्रयोग करें।
भाग्य प्रतिशत-77

मकर- अपने काम के प्रति उत्साहित रहे, निराशा का भाव ना रखें,कार्य करने पर बड़ी मुश्किल से धन लाभ हो, बच्चों की फीस देनी मुश्किल पड़ सकती है।
भाग्य प्रतिशत-49

कुम्भ- अंदरुनी रूप से शरीर में कई कमियां आ सकती है,औषधि का सेवन करना पड़ेगा, ड्राइविंग लाइसेंस, तकनीकी कार्य करते में आमदनी कम होगी, सच्चे प्रेम की खोज भी रहेगी।
भाग्य प्रतिशत-50

मीन- रोगी शरीर के साथ काम करना पड़ सकता है, माईग्रेन,सोडियम बढ़ना, त्वचा रोग सम्भव है, जीवन साथी का बड़े समय बाद कोई मार्ग खुलेगा, गुरु से लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत-60

# परंपरा ने बेटे को दिया जन्म, लाडले की पहली झलक के साथ सचेत बोले- 'हर हर महादेव'



मुंबई,। मनोरंजन उद्योग के मशहूर कंपोजर-गायक सचेत टंडन और परंपरा ठाकुर के प्रशंसकों के लिए खुशखबरी है। सचेत और परंपरा के घर नन्हें राजकुमार ने जन्म लिया है। परंपरा ने बेटे को जन्म दिया, जिसकी झलक दिखाते हुए सचेत ने अपनी खुशियां प्रशंसकों के साथ सोशल मीडिया पर शेयर की। इंस्टाग्राम पर अपने लाडले के साथ वाली पोस्ट साझा कर सचेत ने जज्बात भी शेयर किए और प्रशंसकों को बताया कि महादेव की कृपा से उन्हें यह खुशी मिली। पोस्ट साझा कर उन्होंने कैप्शन में लिखा, महादेव के आशीर्वाद के साथ हमें अपने प्यारे बच्चे के आगमन की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही। हम इस खूबसूरत समय में आपके आशीर्वाद और शुभकामनाओं की कामना करते हैं। नमः पार्वती पतये हर हर महादेव, जय माता दी। सचेत और परंपरा की जोड़ी सोशल मीडिया पर अपनी कमाल की आवाज के साथ छाई रहती है। दोनों को असली पहचान एक्टर शाहिद कपूर की फिल्म 'कबीर सिंह' के सुपरहिट गाने 'बेखयाली' से मिली थी और तभी से ये स्टार कपल मशहूर हो चुका है। जानकारी के अनुसार सचेत और परंपरा पहली बार साल 2015 में एक रियलिटी टीवी शो में मिले थे। शो में प्रतियोगी के तौर पर शामिल हुए सचेत-परंपरा के बीच नजदीकियां बढ़ीं और लगभग पांच साल साथ रहने के बाद दोनों ने दिसंबर 2020 में शादी कर हमेशा के लिए एक-दूजे का हाथ थाम लिया था। दोनों ने परिवार और करीबी दोस्तों के बीच सात फेरे लिए थे। सचेत-परंपरा के वर्कफ्रंट की बात करें तो इसी साल फरवरी में रिलीज दोनों के रोमांटिक सॉन्ग 'प्यार बन गए' को श्रोताओं ने काफी पसंद किया। रोहित जिन्जुर्के और करिश्मा शर्मा पर फिल्मापया गया यह रोमांटिक गाना वेलेंटाइन डे के लिए बेहतर पसंद है। सचेत और परंपरा ने ट्रैक को गाने के साथ कंपोज भी किया है। इसके बोल सईद कादरी ने लिखे हैं। गाने के बारे में बात करते हुए सचेत और परंपरा ने बताया था, हम दोनों बेहद रोमांटिक हैं और यह संगीत की एक शैली है, जिसे हम पसंद करते हैं। 'प्यार बन गए' में बचपन के प्याहर की कहानी को खूबसूरती से दिखाया गया है। रोहित ने कहा, गाना 'प्यार बन गए' बेहद खूबसूरत है। गाने को जिस तरह से फिल्माया गया है, वह आपके दिल को छू जाएगा। इस खूबसूरत गाने के लिए सचेत, परंपरा और एक अद्भुत सह-कलाकार होने के लिए करिश्मा को धन्यवाद। करिश्मा ने कहा, 'प्यार बन गए' के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि यह आपको तुरंत प्यार में डाल देता है। यह प्यार का महीना है। यह गाना प्यारी प्रेम कहानी के साथ इतना अच्छा लगता है कि आप इसे बार-बार देखना चाहेंगे। गीतकार सईद ने कहा, यह गीत प्रेम को परिभाषित करता है। इसका उद्देश्य खुशी, लालसा और प्यार में पड़ने के जादू जैसी भावनाओं को लिखना था। 'प्यार बन गए' टी-सीरीज के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है।

## पाकिस्तान ने वर्षा बाधित मैच में दक्षिण अफ्रीका को 36 रनों से हराया




जोहान्सबर्ग । सैम अयूब (101) की शतकीय, बाबर आजम (52) और कप्तान मोहम्मद रिजवान (53) की अर्धशतकीय पारियों के बाद सुफिया मकिम की शानदार गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने रविवार को वर्षा बाधित तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर 36 रनों से हरा दिया। इसी जीत के साथ ही पाकिस्तान ने तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपना नाम कर ली। 309 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने सात ओवर में 44 रन पर अपने नो विकेट गंवा दिए। कप्तान तेम्बा बवूमा (आठ) और टोनी डीजॉर्जी (26) रन बनाकर आउट हुये। रासी वान दर दुसें (35) और एडन मारक्रम (19) रन बनाकर आउट हुये। द. अफ्रीका की ओर से हेनरिच क्लासेन ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। क्लासेन 43 गेंद में 12चौके और दो छक्के लगाते हुए (81) रन बनाए। पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे द. अफ्रीका के नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। मार्को यानसन (26) और कगिसो रबाड़ा (14) रन बनाकर आउट हुये । कोरिन बोश ने (नाबाद 40) रनों की पारी खेली। द. अफ्रीका 42 ओवर में 271 रन बना सका और उसे डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर 36 रनों से हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान के लिए इस मैच में पर्दापण करने वाले सुफियान मुकीम ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिये। शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह को दो-दो विकेट मिले। मोहम्मद हसनैन और सैम अयूब ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इस मैच में जीत दर्ज करते ही पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को उसी के घर में क्लीन स्वीप करने वाली विश्व की पहली टीम बन गई। पाकिस्तान के सैम अयूब को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच और 'प्लेयर ऑफ सीरीज' से नवाजा गया। इससे पहले कल देर रात पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 309 रनों का लक्ष्य दिया था। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बारिश के कारण मैच को 47 ओवर का कर दिया गया था। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में अब्दुल्लाह शफीक (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये बाबर आजम ने सैम अयूब के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 114 रनों की साझेदारी हुई। 23वें ओवर में वेना मफाका ने बाबर आजम (52) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने कप्तान ने भी सैम का साथ पकड़ लिया। 35वें ओवर में कॉर्बिन बॉश ने सैम अयूब को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को तीसरी सफलता दिलाई। अयूब ने 94 गेंदों में 13 चौके और दो छक्कों की मदद से (101) रनों की पारी खेली। मोहम्मद रिजवान ने 52 गेंदों में पांच चौके एक छक्का लगाते हुए (53)रन बनाये। आगा सलमान ने 33 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (48) रन बनाये। शाहीन शाह अफरीदी (शून्य) को रबाड़ा ने अपना शिकार बनाया। तय्यब ताहिर (28) और मोहम्मद हसनैन (चार) रन बनाकर आउट हुये। इन दोनों को मार्को यानसन ने आउट किया। नसीम शाह पांच रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान ने निर्धारित 47 ओवरों में नौ विकेट पर 308 रनों का स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाड़ा ने तीन बल्लेबाजों को आउट किया। ब्योर्न फोर्टेन और मार्को यानसन ने दो- दो विकेट लिये। वेना मफाका और कॉर्बिन बॉश ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## अनुपम खेर ने की केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू से मुलाकात, कहा- आपसे मिलकर हमेशा खुशी मिलती है



मुंबई । फिल्म इंडस्ट्री के वर्सेटाइल अभिनेता अनुपम खेर ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू से मुलाकात की। सोशल मीडिया पर अक्सर सक्रिय रहने वाले अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर इस मुलाकात की तस्वीर साझा कर कैप्शन में उन्हें खूबसूरत शब्दों के साथ धन्यवाद दिया। अभिनेता ने किरण रिजिजू के साथ मुलाकात की एक तस्वीर शेयर कर कैप्शन में लिखा, आपसे मिलकर हमेशा खुशी मिलती है।
संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू से दिल्ली एयरपोर्ट लाउंज में हमने साथ में कुछ समय बिताया, उसमें हमने व्यस्त कार्यक्रम और फिटनेस के महत्व के बारे में बात की। तारीफ के लिए धन्यवाद सर! अनुपम खेर द्वारा साझा की गई तस्वीर में अभिनेता के साथ किरेन रिजिजू साथ में खड़े और कैमरे के लिए पोज देते नजर आए। तस्वीर के साथ खेर ने कर्टिस स्टिगर्स के 'बी ए जेंटलमैन' गाना भी जोड़ा। अनुपम खेर सोशल मीडिया पर प्रशंसकों के साथ अक्सर एक से बढ़कर एक पोस्ट साझा करते रहते हैं। हाल ही में साझा किए गए एक पोस्ट में उन्होंने बताया था कि क्रिएटिविटी से ही अनियमितता में व्यवस्था आती है। पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा था, रचनात्मकता प्रकृति की अनियमितता में व्यवस्था लाने की क्षमता है। विक्रम भट्ट के 'तुमको मेरी कसम' के सेट पर कुछ बेतरतीब ट्रिक्स करते हुए ईशा देओल ने वीडियो बनाया। वीडियो में अभिनेता फिल्म के सेट पर खड़े हैं और टेबल पर मोबाइल को उछालते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर अभिनेता ने हाल ही में एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वह बताते नजर आए थे कि ईशा देओल ने उन्हें क्रिसमस के मौके पर तोहफा भेजा है। पोस्ट के जरिए उन्होंने अभिनेत्री को धन्यवाद भी कहा। सोशल मीडिया पर सक्रिय अभिनेता ने एक लाल बक्से में करीने से रखा तोहफा प्रशंसकों को दिखाया था। अनुपम खेर 'तुमको मेरी कसम' की शूटिंग में व्यस्त हैं। आगामी फिल्म का निर्देशन विक्रम भट्ट कर रहे हैं। फिल्म में अनुपम खेर के साथ मुख्य भूमिका में ईशा देओल, सुशांत सिंह, अदा शर्मा हैं। इसके अलावा अनुपम खेर की झोली में राम वामसी कृष्ण द्वारा निर्देशित 'द इंडिया हाउस' के साथ ही 'तन्वी द ग्रेट' भी है। 'तन्वी द ग्रेट' के साथ अभिनेता निर्देशन की दुनिया में वापसी करने को तैयार हैं।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 85.04 पर स्थिर

मुंबई । विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और विदेशी कोषों की निकासी जारी रहने से रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.04 पर स्थिर रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 85.02 पर खुला और पिछले सत्र के बंद स्तर 85.04 पर पहुंच गया। रुपया शुक्रवार को अपने सर्वकालिक निचले स्तर से कुछ संभला और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले नौ पैसे बढ़कर 85.04 पर बंद हुआ था।

## भारत की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बनीं पुष्पा 2 - द रूल



मुंबई,। दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 - द रूल' भारत की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बन गयी है। सुकुमार के निर्देशन में बनी पुष्पा 2 - द रूल 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुयी थी। पुष्पा 2 - द रूल हर रोज बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों की कमाई कर रही है। तीसरे हफ्ते में भी फिल्म का कलेक्शन थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुष्पा 2 द रूल पुष्पा 2 द रूल ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है। अल्लू अर्जुन स्टारर इस फिल्म ने भारत की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बाहुबली 2 को मात दे दी है। अब पुष्पा 2 - द रूलभारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार पुष्पा 2 द रूल ने भारत में 18 दिनों में 1062.9 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। पुष्पा 2 - द रूल ने प्रभास फिल्म की बाहुबली-द कंक्लूजन को मात दे दी है, जिसका लाइफटाइम कलेक्शन 1030.42 करोड़ रुपए है। पुष्पा - द राइज के सीक्वल पुष्पा 2 - द रूल का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स ने किया है।

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

नई दिल्ली । पिछले सप्ताह लगातार गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार में आज सप्ताह के पहले कारोबारी दिन शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद से ही लिवाल और बिकवाल लगातार एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश कर रहे हैं, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में उतार चढ़ाव बना हुआ है। पहले एक घंटे का कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.84 प्रतिशत और निफ्टी 0.87 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से जेएसडब्ल्यू स्टील, ट्रेंट लिमिटेड, श्रीराम फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 2.21 प्रतिशत और से लेकर 1.59 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर हीरो मोटोकॉर्प, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, अपोलो हॉस्पिटल, एनटीपीसी और डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज के शेयर 0.96 प्रतिशत से लेकर 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,056 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 877 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,179 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 28 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 2 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 42 शेयर हरे निशान में और 8 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।
बीएसई का सेंसेक्स आज 447.05 अंक की तेजी के साथ 78,488.64 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होता रहा। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 78,743.16 अंक के स्तर तक पहुंचा, वही बिकवाली का दबाव बनने पर ये 78,438.67 अंक के स्तर तक गिर भी गया। हालांकि सेंसेक्स में न्यूनतम 400 अंक से अधिक की तेजी हमेशा बनी रही। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10.15 बजे सेंसेक्स 657.15 अंक की तेजी के साथ 78,698.74 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 150.70 अंक उछल कर 23,738.20 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 23,806.50 अंक तक पहुंचा। वहीं बिकवाली होने पर इसने 23,701.60 अंक तक गोता भी लगाया। राहत की बात यही रही कि ये सूचकांक लगातार हरे निशान में कारोबार करता रहा। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10.15 बजे निफ्टी 206.20 अंक की मजबूती के साथ 23,793.70 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 1,176.46 अंक यानी 1.49 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 78,041.59 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 364.20 अंक यानी 1.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,587.50 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## भारत रत्न  पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती धूमधाम के साथ मनाई



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । बुलंदशहर में भूड चौराहे पर भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह भारत के पूर्व प्रधानमंत्री जी की प्रतिमा के  समक्ष हवन सामग्री आहुति दी  और माल्या अर्पण किया , सभी सम्मानित राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता पदाधिकारीयों किसान भाइयों शुभचिंतकों ने मिलकर हर्षोल्लास के साथ 122 वीं जयंती को मनाया अरुण चौधरी प्रदेश महासचिव राष्ट्रीय लोक दल उत्तर प्रदेश, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अतुल तेवतिया जी जनपद बुलंदशहर,पूर्व विधायक दिल नवाज खान अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष क्षेत्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र लोधी जिला अध्यक्ष पंकज प्रधान किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह तेवतिया, डा 0 भीष्म सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष ,श्रीमती अंजू मुस्कान पूर्व लोकसभा प्रत्याशी बुलंदशहरओमवीर सिंह मलिक जिला प्रवक्ता सतवीर दीवान जी डा 0 कुंवर वीर डा 0 मांगेराम जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर उत्तम सिंह विकास तेवतिया विधानसभा अध्यक्ष बुलंदशहर आदि गणमान्य सम्मानित कार्यकर्ता पदाधिकारी  शामिल हुए।

## रोटरी क्लब बुलंदशहर सिटी ने किया वृद्ध आश्रम में गर्म कपड़ों का वितरण



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। रोटरी क्लब बुलंदशहर सिटी द्वारा मामन रोड स्थित वृद्ध आश्रम पर वृद्ध जनों की आवश्यकता अनुसार उनका ठंड के बचाव हेतु गरम कैप, जुराब, दस्ताने, दीवार घड़ी एवं वृद्ध जनों को ऊंचाई पर बैठने में दिक्कत ना हो उसके लिए स्टूल आदि का वितरण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। व्यवस्थापक अशोक गर्ग जी द्वारा रोटरी क्लब बुलंदशहर सिटी द्वारा किए जा रहे समय-समय पर सहायता के लिए आभार व्यक्त किया।इस मौके पर अध्यक्ष जुग्नेश बंसल, सचिव लवकेश गुप्ता, दीपक बंसल, अनुराग अग्रवाल अर्जित गर्ग, अमित गर्ग, शिखर अग्रवाल, अजय मित्तल आदि मौजूद रहे।

## कार्षणीय संत श्री सुमेधानंद  महाराज द्वारा श्री मदभागवत कथा का शुभारंभ किया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। बुलंदशहर में डीएम रोड स्थित नर्मदेश्वर मदिर पार्क में कार्षणीय संत श्री सुमेधानंद जी महाराज द्वारा श्री मदभागवत कथा का शुभारंभ किया गया।कथा से श्री भागवत जी की कलश शोभायात्रा निकाली गई जिसके सैकडो लोगो में भाव लिया।महिलाओं में पीले वस्त्र पहन कर और  कलश रख कर कथा स्थल तक यात्रा निकाली,झूमते गाते भक्तों ने अद्भुद्ध छटा बिखर रही थी ।कथा के प्रथम दिन सुमेधानंद जी ने भागवत कथा का महत्व समझाते हुए कहा कि कलियुग में केवल भक्ति मार्ग ही मोक्ष दिला सकता है ,जिसमे भागवत कथा श्रवण से मुक्ति मार्ग प्रशस्त होता है।उन्होंने कहा सच्चिदानंद भगवान के स्वरूपों का वर्णन कथा में किया गया है उनके विभिन्न स्वरूपों को आगे के दिनों में विस्तार से चर्चा करेंगे।मानव का जन्म सेवा के लिए है इसलिए व्यक्ति को जीवन भर कर्तव्यपारायण रहते धर्म के मार्ग पर अडिग रहना चाहिए।सत्य के मार्ग पर चल कर ही सदगुरु और ईश्वर की प्राप्ति होती है ।आज की व्यवस्थाओं में सुनील माहेश्वरी,राधेश्याम गुप्ता,विपुल एंग्लो,राजकुमार,विकास शर्मा आदि लोग शामिल थे

## किसान मसीहा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। में जिलापंचायत अध्यक्ष डॉ अंतुल तेवतिया  के द्वारा किसान मसीहा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर बुलंदशहर भूड़ चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और दूध से स्नान करा कल दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि इस अवसर पर डॉ अंतुल तेवतिया जी ने हवन क्रार्यक्रम का आयोजन करने उपरांत किसान भाईयों और युवाओं से आग्रह किया  देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी ने जीवन-भर किसानों और मजदूरों के हितों के लिए संघर्ष किया उनका जीवन एक प्रेरणा श्रोत है उनके संघर्षों को आने वाली पीढ़ी को सदैव याद रखना चाहिए और उनके बताए मार्ग पर चल कर देश को उन्नति में अपना योगदान देना चाहिए।

## अनूपशहर बस अड्डे से मुरादाबाद के लिए 2 बस की सेवा शुरू की गयी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। तहसील अनूपशहर में नये रोडवेज बस अड्डे पर सोमवार से दो बस अनूपशहर से मुरादाबाद के लिए अलग अलग टाइम पर शुरू हुई इन बसों से क्षेत्र के सभी जनता को सफर के लिए बहुत राहत मिलेगी प्रत्येक दिन दोनों शुरू हुई बस का समय सुबह 9.30 बजे अनूपशहर से मुरादाबाद के लिए जाएगी दूसरी बस सुबह 10.30 बजे जाएगी अनूपशहर बस अड्डा इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया 2 बस मुरादाबाद के लिए शुरू की गई है और आगे  के लिए भी और बस जगह जगह के लिए शुरू की जाएगी।

## सपा जिला कार्यालय पर स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती धूमधाम के साथ मनाई



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। बुलंदशहर समाजवादी पार्टी कार्ले पर किसान नेता व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी के 122 सी जयंती मनाई गई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मतलूब अली ने की तथा संचालन लोहिया वाहिनी के जिला महासचिव मुकेश यादव पिलानेवाली ने किया विचार गोष्ठी पर विचार रखते हुए सपा जिलाअध्यक्ष मतलूब अली ने कहा कि आज पूरे देश में स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती किसान दिवस के रूप में मनाई जा रही है स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी किस के सच्चे हितेषी थे उन्होंने नारा दिया कि देश की तरक्की का रास्ता खेत व खलियानों से होकर गुजरता है चौधरी साहब की लिखी हुई किताब जो कि किस के बारे में लिखी गई थी वो दूसरे देशों में पढ़ाई जारी रही लेकिन आश्चर्य की बात है कि केंद्र सरकार में उन हैं का पोता नाती उन्हीं के साथ हैं जिनसे जीवन पर चौधरी साहब ने लड़ाई लड़ी है जब चौधरी साहब की आत्मा देखती होंगी उन्हें कष्ट यह होता होगा कि मेरा वंशज आज किसानों के विरोधियों के साथ मंत्रिमंडल में शामिल है चौधरी साहब के असली शिष्य स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव हर मंच में किसान गरीब मजदूर की आवाज उठाई और अपनी सरकार में इनके हितों के लिए काम किया विचार गोष्ठी में हाजी अख्तर विनीत राणा महेंद्र भाटी सुरेश सिंह प्रजापति परविंदर यादव जगबीर यादव निर्देश यादव बिल्लू प्रधान कुलदीप प्रधान हाजी सागर चौधरी गगन सिंह टिल्लू की अग्रवाल मुख्तार अहमद सतपाल लोधी सतीश गौतम अमरपाल सिंह वर्षा सिंह प्रधान मोनिका सैफी काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे

# शिक्षार्थ डीपीएस ने मनाई भारत के पूर्व पीएम और किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की जंयती

उजाला हितैषी एक्सप्रेस












बुलंदशहर।  बुलंदशहर में भारत के पूर्व पीएम और किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की जंयती पर जिले में जगह जगह कार्यक्रम हुए। इस मौके पर शिक्षार्थ डीपीएस के छात्र व छात्राओं को भी चौधरी चरण सिंह के बारे में बताया गया और साथ में छात्र व छात्राओं को किसान और किसानो की अहमियत के बारे में जागरूक करने के लिए किसानों के बारे में जानकारी दी गई। खेती कैसे की जाती है उसकी जानकारी दी गयी। साथ ही छात्र व छात्राओं को खेती के लिए जरूरी उपकरणों व बीजो के बारे में भी जानकारी दी गई कि कैसे बीजो को बोया जाता है और कैसे फसल को सींचा जाता है। इसके साथ ही छात्र व छात्राओं को खेती के उपकरण देकर खेती करवाई गई। छात्र व छात्राओं को सारी जानकारी देते हुए स्कूल की प्राचार्या शिप्रा सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय किसान दिवस के मौके पर आज हमने बच्चों को ये बताया कि किसान कितनी मेहनत करके दिन रात हमारी थाली तक खाना पहुँचाते हैं उसकी अहमियत बताने के लिए स्याना क्षेत्र के ड्रीम फारेस्ट रिसोर्ट में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है और हमने बताया कि किसान हमारे जीवन में कितना मुख्य रूप अदा करते है। हमने बच्चो को समझाया है कि आप जितना प्लेट में खाना लेते है वो व्यर्थ ना करें क्योकि वो खाना नही किसान की मेहनत है और आज के आधुनिक युग में हम बहुत सारी चीजें बच्चो को सिखाते है इसलिए यह प्रयास किया गया है कि बच्चो को किसान और खेती से परिचित  कराना। टेक्नोलॉजी के युग में बच्चों को हम बताते हैं एडवोकेट बनना है, डॉक्टर बनना है, इंजीनियर बनना है मगर किसान के बारे में ज्यादा नही बताया जाता है, इंसान की बेसिक जरूरत को किसान ही पूरा करता है ये पता होना अति महत्वपूर्ण है। इस मौके पर स्कूल की प्राचार्य शिप्रा सिंह व स्कूल की अन्य शिक्षक सहित ड्रीम फॉरेस्ट रिजॉर्ट एमडी वरुण चौधरी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

वरुण चौधरी ने बच्चों को खेती के बारे में समझाते हुए बच्चों को खेती के उपकरण के साथ खेती करने और किस तरह से फसलों को सींचा जाता है इसकी जानकारी दी।

## भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पूजा स्थल अधिनियम, 1999 के कथित उल्लंघन के खिलाफ कदम उठाने का निर्णय लिया है

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के कथित उल्लंघन के खिलाफ कदम उठाने का निर्णय लिया है। यह अधिनियम 15 अगस्त 1947 के बाद से सभी धार्मिक स्थलों की संरचना को बनाए रखने और सांप्रदायिक सौहार्द सुनिश्चित करने के लिए लागू किया गया था। उत्तर प्रदेश  अल्पसंख्यक कांग्रेस द्वारा faith, politics and law पूजा स्थल अधिनियम 1991 पर सम्मेलन नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अपूर्वानंद जी थे इस कार्यक्रम को प्रमुख रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव जनाब तौकीर आलम साहब, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव श्री प्रदीप नरवाल जी एवं कार्यक्रम आयोजक अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव जनाब शाहनवाज आलम साहब ने संबोधित किया कांग्रेस ने हाल के दिनों में इस अधिनियम के उल्लंघन के प्रयासों पर चिंता जताई है। पार्टी का मानना है कि इस प्रकार के कदम न केवल संविधान के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों के खिलाफ हैं, बल्कि देश में सामाजिक एकता को भी खतरे में डाल सकते हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर ने बताया कि पार्टी जंतर मंतर, दिल्ली पर एक शांतिपूर्ण प्रदर्शन आयोजित करने की योजना बना रही है। इस प्रदर्शन का उद्देश्य सरकार और संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित करना होगा कि पूजा स्थल अधिनियम, 1991 का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर ने कहा कि इस अधिनियम का उद्देश्य धार्मिक स्थलों की संरचना को संरक्षित करना, सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखना, और ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व वाले स्थलों की पवित्रता को बनाए रखना है। पार्टी ने यह भी याद दिलाया कि राम जन्मभूमि विवाद को अधिनियम से अलग रखा गया था, ताकि उस समय का संवेदनशील मुद्दा प्रभावित न हो। सैयद मुनीर अकबर ने बताया कांग्रेस ने देश की धर्मनिरपेक्षता और सांप्रदायिक शांति की रक्षा के लिए सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की है। प्रदर्शन की तिथि और अन्य जानकारी जल्द ही सार्वजनिक की जाएगी। इसे मौके पर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष गण, सैयद मुनीर अकबर,वसी अहमद रिजवी, अनवर अनीस, शाहनवाज़ खान, खालिद खान, बुलंदशहर से साजिद चौधरी, नज़मी, शुजात आलम, कमरुज्जमा खान,सगीर अहमद जिलाध्यक्ष अलीगढ़,

## वैश्य समाज सेवा समिति संस्थान(  रजि० ) बुलन्दशहर का युवक- युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन हुआ

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। बुलंदशहर नगर के एक होटल में वैश्य समाज सेवा समिति संस्थान( रजि0) बुलन्दशहर का युवक - युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में सर्वप्रथम कुलदेवी महालक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन के चित्र के सामने आई एम ए के अध्यक्ष डॉ एस के गोयल व गाजियाबाद के समाजसेवी नंदकिशोर अग्रवाल के द्वारा दीप प्रचलित किया किया गया। सम्मेलन में करीब 1000 पंजीकरण हुए जिसमें प्रदेश जिले व अन्य राज्यों के युवक युवती ने शिरकत की। मंच पर लगभग 300 युवकों ने अपना परिचय दिया व 102 युवती ने मंच पर आकर अपना परिचय दिया। मंच पर आकर जिन युवती ने अपना परिचय दिया उनको समिति द्वारा एक उपहार व सम्मेलन में शामिल होने वाले सभी युवक युवती को एक परिचय स्मारिका व अन्य उपहार भी दिए गए। समिति के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि परिचय सम्मेलन के द्वारा 5 जोड़ों की आपसी सहमति बन गई है। लगभग 15 जोड़े की सहमति बनने के अवसर हैं क्योंकि उन लोगों की आपसी वार्ता जारी है मंच संचालन समिति के महासचिव विजय अग्रवाल द्वारा किया गया । समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल गोयल परिचय सम्मेलन में समिति के उद्देश्यों को विस्तार पूर्वक बताया । सम्मेलन की अध्यक्षता अर्पित अग्रवाल व नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति मित्तल द्वारा करी गई। समिति के पंजीकरण संयोजक के0के0सिंघल ने आने वाले सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन सायं 6.30 बजे तक चला। सम्मेलन में विजय गर्ग बृजेश गर्ग नरेंद्र अग्रवाल दिनेश गोयल मनोज गोयल ज्योति गोयल बृजलाता मंजू गोयल साधना अग्रवाल उमा सिंघल पूजा तायल रीना अग्रवाल नीरू गर्गआदि का विशेष सहयोग रहा।

## चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर पूर्व विधायक होशियार सिंह जी ने अपने आवास पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर।  जहांगीराबाद चौधरी चरण सिंह जी की जयंती के अवसर पर पूर्व विधायक होशियार सिंह जी ने अपने आवास पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। मीटिंग की अध्यक्षता हसीन सैफी नगर अध्यक्ष व संचालन हाजी खालिद सिद्दीकी जिला महासचिव अल्पसंख्यक सभा ने किया। इस मौके पर चौधरी होशियार सिंह कह उन्होंने चौधरी जी के जीवन और उनके कार्यों पर प्रकाश डालते हुए सभी को जागरूक किया। चौधरी चरण सिंह जी भारतीय राजनीति के महानायक और किसानों के मसीहा थे। उनका पूरा जीवन समाज के कमजोर और शोषित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने अपनी नीतियों और विचारधारा से देश में कृषि और ग्रामीण विकास को नई दिशा दे और चौधरी जी के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया और युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने की अपील की। मीटिंग मौजूद मास्टर रविंदर यादव, अजय अहेरिया, मुन्नन अंसारी सभासद, कृष्ण मुरारी, आबिद मलिक, शाकिर सिद्दीकी,हबीब सैफी, वसीम सैफी,साकिर मेवाती,डा राज सिंह,इशरत सैफी, इन्तजार पठान कांग्रेस नगर अध्यक्ष, शाहिद सिद्दीकी, हबीबुर रहमान, दिलशाद सैफी,फकरू सैफी, अंकुर गोयल, देवेन्द्र शर्मा,समीउदीन सैफी, चिराग अली, नदीम सिद्दीकी, लाला चौधरी, अशोक पहलवान, कैलाश वाल्मीकि, शहजाद मलिक, वकील साहब, रोहित बांसलिया, कमलेश कुमारी, जब्बार सैफी, ताहिर सैफी आदि लोग मौजूद रहे

## मैक्सविन पब्लिक स्कूल में कबड्डी प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को पदक देकर किये सम्मानित किया




बुलंदशहर।  जहांगीरपुर मैक्सिविन पब्लिक स्कूल जहांगीरपुर में खेलो उत्सव के अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था जिसमें काफी छात्रों ने भाग लिया कबड्डी प्रतियोगिता के कोच श्री गौरव माहेश्वरी एवं करण गौतम ने बताया की विद्यालय के काफी छात्रों ने कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया था प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को आज इनाम वितरित किए गए जिसमें विजेता विद्यार्थियों को 45 स्वर्ग पदक 43 रजक पदक 29 कांस्य पदक प्राप्त किया और इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री योगेन्द्र सैनी व प्रधानाचार्य खानचंद्र वर्मा ने सभी विजेता विद्यार्थियों को स्वर्ग एवं रजत पदक और कांस्य मेडल पहनाकर सम्मानित किया विद्यालय प्रबंधन ने सभी छात्रों को सभी स्तरों पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं इस मौके पर विद्यालय परिसर में मौजूद प्रभात शर्मा रिंकू शर्मा चरण सिंह भारती नीरज जादौन प्रियंका पूनम दीपक शिव कुमार कृष्णा गौरव मनोहर जितेंद्र शालू ग्रीस राहुल सीमा सैनी प्रतिभा लकी मीनू खुशी पूजा नेहा सुमन अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## अपना दल एस ने चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। बुलंदशहर किसानों पर एक नजर रखिए खेत खलिहान पर,दूजी नजर रखो लाल किला के मंच पर नारा देने वाले भारत रत्न चौधरी चरण सिंह सच्चे किसान नेता थे उक्त विचार अपना दल एस बुलन्दशहर के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने किसान दिवस के अवसर पर भूड़ चौराहा बुलंदशहर स्थित देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्याअर्पण करते हुए कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। जिला अध्यक्ष ने कहा चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसम्बर 1902 को बाबूगढ़ छाबनी के निकट नूरपुर ग्राम में हुआ उनका ननिहाल स्याना तहसील के ग्राम चित्सौना अलीपुर में था।चौधरी चरण सिंह ने अत्यंत साधारण जीवन व्यतीत किया और अपने खाली समय में वे पढ़ने और लिखने का काम करते थे। उन्होंने कई किताबें एवं रूचार-पुस्तिकाएं लिखी जिसमें 'ज़मींदारी उन्मूलन'भारत की गरीबी और उसका समाधान' किसानों की भूसंपत्ति या किसानों के लिए भूमि 'प्रिवेंशन ऑफ़ डिवीज़न ऑफ़ होल्डिंग्स बिलो ए सर्टेन मिनिमम'को-ऑपरेटिव फार्मिंग एक्स-रयेद्' आदि प्रमुख हैं। चौधरी चरण सिंह विरासत कई जगह बंटी। आज जितनी भी जनता दल परिवार की पार्टियाँ हैं, उड़ीसा में बीजू जनता दल हो या बिहार में राष्ट्रीय जनता दल हो या जनता दल यूनाएटेड ले लीजिए या ओमप्रकाश चौटाला का लोक दल अजीत सिंह का ऱाष्ट्रीय लोक दल हो या मुलायम सिंह की समाजवादी पार्टी हो ये सब चौधरी चरण सिंह की विरासत हैं। इस मौके पर अपना दल एस बुलन्दशहर के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी, जिला उपाध्यक्ष पवन चौधरी, जिला उपाध्यक्ष पुरषोत्तम सैन, जिला अध्यक्ष युवा मंच एडवोकेट आरिफ अंसारी, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच हामिद अली सैफी,जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति भगवत जाटव जिला उपाध्यक्ष मोहित शर्मा जिला सचिव प्रेम सिंह बैरागी सदर विधान सभा अध्यक्ष आरिफ सैफी खुर्जा विधान सभा अध्यक्ष डॉ राम सिंह अनूपशहर विधान सभा अध्यक्ष राजकुमार राजपूत मनोनीत अग्रवाल शहरान अंसारी संजय कुमार विधान सभा उपाध्यक्ष खुर्जा मोहम्मद आकिल अरशान अंसारी डा महराज जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री जनपद बुलंदशहर डॉ अरुण कुमार ने सर्व मंगला बेला भवानी माता मंदिर के किए दर्शन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। बुलंदशहर थाना नरौरा क्षेत्र के ग्राम बेलोंन में स्थित श्री सर्व मंगला बेला भवानी मंदिर पर दर्शन करने पहुंचे राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन पर्यावरण जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश प्रभारी मंत्री जनपद बुलंदशहर डॉ अरुण कुमार को वेद मंत्रों के साथ पूजा अर्चना कर माता रानी की चुनरी पहनाकर स्वागत किया गया।मंदिर के मुख्य पुजारी नरेश कुमार वशिष्ठ व एसडीएम कमलेश कुमार गोयल सीओ शोभित कुमार डिबाई चौकी इंचार्ज बेलोन सुखपाल सिंह मय पुलिस बल के साथ मंदिर पर मौजूद रहे वही गांव के गणमान्य लोग डॉ नेत्रपाल गुप्ता अंकित भारद्वाज प्रवास उपाध्यक्ष केशव देव राजेंद्र सिंह महेश भारद्वाज अतुल कुमार भारद्वाज आदि लोग उपस्थित रहे।

## पाली आनंदगढ़ी में तालाब बन रहा पशुओं की मौत का निवाला

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। नरसेना विकास खण्ड ऊँचागाँव क्षेत्र के गाँव पाली आनंदगढ़ी के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर तालाब की सफाई नहीं कराने का आरोप लगाते हुए कहा की ग्राम प्रधान ने तालाब की सफाई के पैसे भी निकाल लिए है लेकिन तालाब देखने में चारागाह की तरह लगता है जिसमें आवारा गौवंश उसमें चरने की लालसा में तालाब में फंस कर अपनी सांसे पूरी कर लेते हैं लेकिन ग्राम प्रधान व विकास खण्ड अधिकारियों का इस तरफ नहीं कोई ध्यान ।

# लोक शिकायतों के निराकरण हेतु पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत भदस्याना के ग्रामीणों के साथ जन चौपाल का आयोजन किया गया



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त जनपदों में दिनांक 19-24 दिसम्बर, 2024 के मध्य सुशासन सप्ताह-प्रशासन गाँव की ओर के आयोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद हापुड़ के विकास खण्ड गढ़मुक्तेश्वर में लोक शिकायतों के निराकरण हेतु पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत भदस्याना के ग्रामीणों के साथ जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमे ग्राम भदस्याना में पेन्शन, वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड इत्यादि सम्बन्धी समस्या के निस्तारण हेतु ग्राम पंचायत द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। फैमिली आई0डी0 बनवाने हेतु ग्राम पंचायतों मे पंचायत सहायक तथा ग्राम सचिव द्वारा बनाने का कार्य प्रगति पर है। विकास खण्ड के प्रत्येक गाँव में जीरो पावर्टी का कार्य चल रहा है जिसमे पंचायत सहायक, बी0सी0 सखी तथा समूह सखी द्वारा ग्राम पंचायतों में कार्य किया जा रहा है।

# माननीय सदस्या डा० मीनाक्षी भराला 24.12.2024 को करेंगी महिला जनसुनवाई

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**



गाजियाबाद। जिला प्रोबेशन अधिकारी गाजियाबाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए सूचित किया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की माननीय सदस्या डा0 मीनाक्षी भराला के गाजियबाद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार मा0 सदस्या दिनाक 24.12.2024 को 10.30 बजे पूर्वान्ह भोजपुर आंगनवाड़ी, 11.30 वन स्टॉप सेन्टर, संयुक्त चिकित्सालय, संजयनगर, 12.00 बजे अपराह्न महिला थाना लोहिया नगर व 12.30 बजे कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नेहरूनगर का निरीक्षण करेंगी। अपराह्न 01.00 बजे दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन, गाजियाबाद में महिला जनसुनवाई की जायेगी। उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में इच्छुक महिलायें अपनी शिकायत/समस्या के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र सहित उपस्थित होकर माननीय सदस्या राज्य महिला आयोग से सम्पर्क कर सकती है। माननीय सदस्या द्वारा उनकी शिकायतों मौके पर निस्तारण करवाया जायेगा।

# जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने की जनसुनवाई, हर शिकायत का हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**






गाजियाबाद। कलेक्ट्रेट स्थित अपर जिलाधिकारी प्रशासन कार्यालय में जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा प्रत्येक कार्यदिवस में प्रात- 10 बजे से अन्तिम व्यक्ति की शिकायत सुनने तक जनसुनवाई की जाती है।

जनसुनवाई के दौरान आई शिकायतों एवं आवेदनों का समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होता है, जिसके चलते जिलाधिकारी महोदय को अपनी शिकायतों और प्रार्थना पत्रों को प्रेषित करने हेतु भीड़ लगी रहती है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा उक्त व्यक्तियों के शिकायती पत्रों को बड़ी गम्भीरता से पढ़ा जाता है और उन्हें सुना जाता है। अधिकांश मामलों को जिलाधिकारी महोदय द्वारा मौके पर ही पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारित कर दिया जाता है और शेष शिकायतों को वाट्सअप आदि के माध्यम से सम्बंधित अधिकारी को निराकरण के लिए भेज दिया जाता है।

शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता एवं समयान्तराल में निस्तारण के लिए भी निर्देशित कर दिया जाता है। जन सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं एवं प्राथियों के द्वारा स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, बैंक, पेंशन, घरेलू झगड़ें से सम्बंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होने के पश्चात शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेना सुनिश्चित करें। इस मौके पर श्री रणविजय सिंह अपर जिलाधिकारी प्रशासन, श्री विवेक मिश्र एडीएम एल/ए, अपर जिलाधिकारी नगर श्री गम्भीर सिंह सहित उपस्थित रहे।

# लखनऊ पावरलिफ्टिंग सेक्रेटरी प्रतियोगिता में पिलखुवा के बाबा हेल्थ क्लब के जिम के खिलाड़ियों का दबदबा रहा




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

हापुड़। पिलखुवा 23वी उत्तर प्रदेश पावरलिफ्टिंग सब जूनियर/ जूनियर सीनियर मास्टर चैंपियनशिप 20 तारीख से 22 तारिक तक 2024 केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में आयोजित हुई आयोजन करता मुलायम सिंह के भतीजे प्रतीक यादव और राजधर मिश्रा लखनऊ पावरलिफ्टिंग सेक्रेटरी इस प्रतियोगिता में पिलखुवा के बाबा हेल्थ क्लब के जिम के खिलाड़ियों का दबदबा रहा जिसमें लगभग 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें बाबा हेल्थ क्लब के खिलाड़ियों ने 4 गोल्ड 2 सिल्वर अपने नाम किये और उनके कोच राजेंद्र कुमार बाबा उत्तर प्रदेश जॉइन सेक्रेटरी और संदीप तोमर इंटरनेशनल खिलाड़ी ने हमें बताया की मेडल की सूची इस प्रकार है 66 चद्द शिव सिंह ने सब जूनियर में 415 kg वजन उठाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया 74 Kg मे राजेंद्र कुमार बाबा ने 585 किलो वजन प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्ट्रांग मैन की किताब हासिल की 74 Kg मैं आदिल मलिक ने 510 किलो भजन उठाकर सब जूनियर में प्रथम स्थान प्राप्त किया 83 kg गोविंदा गौतम सिनियर में 705 किलो वजन उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्ट्रांग मैन की किताब हासिल की 93 kg रुतेश कुमार भारती सीनियर में 695 किलो वजन उठाकर द्वितीय स्थान स्थान प्राप्त किया 105 kg मे रवि कुमार ने 585 किलो वजन उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ और सभी खिलाड़ीयों का पिलखुवा पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ लाल बहादुर समाजसेवी सुमित रोहिल्ला, गौरव चौहान, समाजसेवी सुमित तोमर ,संदीप तोमर सिकंदर, बाबा विपिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 122 वीं जयंती



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। सोमवार को कांग्रेस जन तहसील चौराहा स्थित चरण सिंह जी की प्रतिमा पर एकत्रित हुए। जहां कांग्रेस जनों ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल की अगुवाई में देश के पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 122 वीं जयंती मनाई। इस दौरान कांग्रेस जनों ने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपने-अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए और उन्हें याद कर अपनी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने चौधरी साहब को याद करते हुए कहा कि स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी को पूरे देश में किसानों का मसीहा के नाम से जाना जाता है। किसानों के लिए चौधरी साहब द्वारा किए गए कार्य और उनका योगदान संपूर्ण भारत में अतुलनीय है। पूर्व विधायक गजराज सिंह ने भी चौधरी चरण सिंह को याद करते हुए कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन भारतीयता और ग्रामीण परिवेश की मर्यादा में जिया था। कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन 1929 में पूर्ण स्वराज्य उद्घोष से प्रभावित होकर युवा चरण सिंह ने गाजियाबाद में कांग्रेस कमेटी का गठन किया और 1930 में महात्मा गाँधी द्वारा सविनय अवज्ञा आन्दोलन के तहत् नमक कानून तोड़ने का आह्वान किया था। कांग्रेस जनों ने चौधरी चरण सिंह के आदर्शों और विचारों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी/पीसीसी सदस्य अरविंद शर्मा, राकेश त्यागी, आईसी शर्मा, रघुवीर सिंह एडवोकेट, रामप्रसाद जाटव, जितेंद्र सिंह, अमित सैनी, विक्की शर्मा, यशपाल सिंह, गौरव गर्ग, सलमान राणा, शौकीन चौधरी, सुबोध शास्त्री, कुसुम लता, अंबेडकर जी, राकेश खन्ना, सिराजुद्दीन, शहजाद मेवाती, आदि पदाधिकारीगण और कार्यकर्तागण मौजूद रहे

# किसान सम्मान दिवस समारोह एवं किसान मेला का आयोजन किया गया









**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । स्व0 चौधरी चरण सिंह (भूतपूर्व प्रधानमंत्री) के जन्मदिवस 23 दिसम्बर 2024 को कृषि विभाग द्वारा किसान सम्मान दिवस समारोह एवं किसान मेला का आयोजन पैतृक ग्राम नूरपुर मढैय्या में नवनर्मित राजकीय कन्या इन्टर कालेज के ग्राउड में किया गया। मेला स्थल पर स्थित मा0 स्व0 चौधरी चरण सिंह जी (भूतपूर्व प्रधानमंत्री) की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष, भा0ज0पा0 उ0प्र0 एवं प्रेरणा शर्मा, जिलाधिकारी हापुड़ एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा फीता काटकर उक्त किसान मेला प्रदर्शनी का उदघाटन किया। इसके उपरान्त राजेन्द्र अग्रवाल , पूर्व सांसद लोकसभा क्षेत्र मेरठ हापुड, सत्येंद्र शिशौदिया, क्षेत्रीय अध्यक्ष, पं0 उ0प्र0, नरेश तोमर, जि0अ0, भा0ज0पा0 हापुड़, विजयपाल आढ़ती विधायक हापुड़, हरेन्द्र सिंह तेवितया विधायक गढ़मुक्तेश्वर, रेखा नागर , जिला पंचायत अध्यक्ष हापुड़, ममता तेवतिया, क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष, विकास खण्ड हापुड़, निशान्त सिसोदिया ,अध्यक्ष, क्षेत्र पंचायत धौलाना, सतपाल सिंह, जि0अ0, भा0ज0पा0 गाजियाबाद, पुलिस अधीक्षक, हापुड़, हिमांशु गौतम, मुख्य विकास अधिकारी हापुड़, देवेन्द्र प्रताप, जिला विकास अधिकारी हापुड़ एवं अन्य समस्त जनप्रतिनिधियो द्वारा मा0 स्व0 चौधरी चरण सिंह जी (भूतपूर्व प्रधानमंत्री) के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्जलित किया गया। कार्यक्रम में पशुपालन, उद्यान, मत्स्य, गन्ना एवं अन्य कृषि से सम्बन्धित समस्त विभागो के जिला स्तरीय अधिकारी तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकगण उपस्थित रहे। मेला उद्घाटन के उपरान्त सभी मा0 जनप्रतिनिधि गणो द्वारा मेले में विभिन्न विभागो एवं संस्थाओं द्वारा लगाये गये स्टॉलो का निरीक्षण किया। श्री योगेन्द्र कुमार, उप कृषि निदेशक हापुड़ द्वारा उपस्थित सभी माननीय जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी गण एवं कृषक बन्धुओ का स्वागत किया एवं विभागीय अन्य योजनाओ की जानकारी दी गयी। इसके उपरान्त कृषि विज्ञान केन्द्र से उपस्थित वैज्ञानिक डा0 पी0के0 मण्डके, डा0 अरविन्द यादव, डा0 नीलम द्वारा कृषको को अपने-अपने विषय से सम्बन्धित नवीनतम कृषि तकनीक के बारे में एवं मिलेट्स फसलों एवं सामयिक फसलों के बारे में कृषको को जानकारी दी गयी। तकनीकी सत्र के उपरान्त किसान सम्मान दिवस समारोह में कृषि विभाग के तिलहन फसल में एक कृषक राज्य स्तर पर तथा जनपद स्तर पर कृषि विभाग-12, उद्यान-10, पशुपालन-10, मत्स्य-04 एवं गन्ना-08 कुल 45 कृषको को सम्मानित किया गया जिनकी सूची संलग्न है। सम्मानित किये गये कृषको को प्रशस्ति पत्र, शॉल प्रदान कर मा0 जनप्रतिनिधिगणो द्वारा सम्मानित किया गया। भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष, भा0ज0पा0 उ0प्र0 द्वारा मा0 स्व0 चौधरी चरण सिंह (भूतपूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न) के जीवन परिचय के बारे में तथा कृषको को कृषि विभाग की योजनाओ का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु प्रोत्साहित किया गया है। कृषको को लन्च पैकट वितरण के उपरान्त श्री मनोज कुमार, जिला कृषि अधिकारी, हापुड़ द्वारा उपस्थित सभी जनप्रतिनिधिगण, अधिकारियो एवं कृषक बन्धुओ को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# सुशासन सप्ताह-प्रशासन गाँव की ओर से कार्यक्रम आयोजन किया गया

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**



हापुड़। उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त जनपदों में दिनांक 19-24 दिसम्बर, 2024 के मध्य सुशासन सप्ताह-प्रशासन गाँव की ओर के आयोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद हापुड के विकास खण्ड सिम्भावली में लोक शिकायतों के निराकरण के लिए प्रत्येक शुकवार को विकास खण्ड के ग्राम पंचायतों मे कमानुसार जन-चौपाल का आयोजन किया जाता है। आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर शिकायतों का मौके पर भौतिक एवं स्थलीय सत्यापन के उपरान्त ही गुणवत्ता निस्तारण किया जाता है। विकास खण्ड सिम्भावली मे ऑनलाईन सर्विस जैसे फैमिली आई0डी0 के 1293 प्राप्त आवेदनों पर सत्यापन उपरान्त 1255 बना दिया गया है तथा ग्राम पंचायतों मे पंचायत सहायक तथा ग्राम सचिव द्वारा बनाने का कार्य प्रगति पर है। विकास खण्ड के प्रत्येक गाँव में जीरो पावर्टी का कार्य चल रहा है जिसमे पंचायत सहायक, बी0सी0 सखी तथा समूह सखी द्वारा ग्राम पंचायतों मे कार्य किया जा रहा है, इसमें वर्तमान में 112 इम्यूनेटरों द्वारा कार्य किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत एस0एल0 डब्ल्यू0एम0 में वि0ख0 सिम्भावली में 31 ग्राम पंचायतों में आर0आर0सी0 सेन्टर का निर्माण कराया जा चुका है शेष चयनित ग्राम पंचायतों मे निर्माण कार्य चल रहा है। वर्मी कम्पोस्ट का भी ग्राम पंचायतों मे निर्माण कराया गया है। कार्यालय वि0ख0 सिम्भावली में सोमवार को चौ0 चरण सिंह जयन्ती मनाई गई। सफलता की कहानी:- स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत (एस0एल0 डब्ल्यू0 एम0) में चयनित विकास खण्ड के ग्राम पंचायतों में कूड़ा का निपटान के लिए आर0आर0सी0 सेन्टर का निर्माण तथा कूडा कलेक्शन के लिए ई-रिक्शा कय किया गया है, जिससे ग्राम पंचायत मे घर-घर कूडा कलेक्शन किया जाता है, इस क्रम में 31 ग्राम पंचायतों में आर0आर0सी0 सेन्टर का निर्माण कराया जा चुका है। ग्राम पंचायतों मे वर्मी कम्पोसस्ट का निर्माण किया गया है जिसमे केचुए से खाद का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे ग्रामवासियों को रासायनिक रहित सब्जी, अनाज का उत्पादन को प्रोत्साहन मिल सके।

# किसानों की राजधानी सिसौली में स्वर्गीय पूर्व प्रधान मंत्री चौधरी चरणसिंह की जयंती हर्षोउल्हास के साथ मनाई गई



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। हापुड़ जनपद से भाकियू टिकैत के पदाधिकारी एवं किसान मुजफ्फरनगर के सिसौली में आयोजित किसानों के मसीहा स्वर्गीय पूर्व प्रधान मंत्री चौधरी चरणसिंह जयंती पर होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए तताहरपुर मोड़ से रवाना हुए। जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने जानकारी देते हुए बताया है कि आज सोमवार को जनपद मुजफ्फरनगर में स्थित किसानों की राजधानी सिसौली में आयोजित किसान और मजदूर के स्वर्गीय पूर्व प्रधान मंत्री चौधरी चरणसिंह की जयंती पर समस्त जनपद से पदाधिकारी और सैकड़ों किसान पहुंचे जहां चल रही अखण्ड ज्योत में शामिल होकर उनकी आत्मशांति के लिए हुए यज्ञ में आहुति दी। इस दौरान मेरठ मण्डल संघठन मंत्री महिपाल सिंह उर्फ गुजराल, जिला महासचिव सुन्दर गुर्जर, जिला प्रवक्ता कुंवर खुशनूद, महिला जिला अध्यक्ष नीलम त्यागी, जिला उपाध्यक्ष कल्पना देवी, शोभा देवी, आँचल, गढ़ ब्लॉक अध्यक्ष माजिद चौधरी, गढ़ तहसील अध्यक्ष श्याम सुंदर त्यागी, धौलाना ब्लॉक अध्यक्ष उमेश राणा, धौलाना तहसील अध्यक्ष रविन्द्र सिंह, हापुड़ ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, गढ़ नगराध्यक्ष जगबीर चौधरी, मुनव्वर अली, डॉक्टर मतलूब, नोशाद अली, अंकित त्यागी ,कृष्ण गुर्जर , नवीन त्यागी जी बाबु राम शर्मा, राहुल शर्मा, दिलशाद सैफी, कुलदीप त्यागी, उमेश राणा जी, अब्दुल सलाम समेत मौजूद रहे।

# शामहमहीउददीनपुर बैठक का आयोजन किया गया





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। शानसन द्वारा संचालित योजना सुशासन सप्ताह के अर्न्तगत ग्राम पंचायत में बनखण्ड व में शामहमहीउददीनपुर बैठक का आयोजन किया गया बैठक में उपस्थित ग्रामवासियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया योजनाओं के कियान्वयन व लाभ उठाये जाने के तरीके से अवगत कराया गया ग्राम पंचायत में विधवा पेंशन हेतु आवेदक को आय प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र, व पति की मृत्यु का प्रमाण पत्र लगाकर ऑनलाईन आवेदन कर एक आंवेदन की छायाप्रति विकास खण्ड स्तर पर समाज कल्याण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करे, इसी प्रकार, वृद्धा पेंशन हेतु आय, जाति, आधार कार्ड आदि की प्रति लगाकर व इसी प्रकार विकलांग पेंशन हेतु आय, जाति विकलांग सर्टिफिकेट आदि लगाकर आवेदन कर छायाप्रति प्रस्तुत करें। विकास खण्ड स्तर पर आयोजित सामुहिक विवाह के सम्बन्ध में ग्रामवासियों को जानकारी प्राप्त कराई।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत दस नवजात बच्चियों को बेबी किट वितरण किए गए



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह महोदय हापुड़ के निर्देशानुसार प्रस्तावित कार्यक्रम महिला कल्याण विभाग द्वारा नारी सुरक्षा नारी स्वावलंबन नारी सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति फेज 5 के तहत बेटियों के हक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव जिला महिला चिकित्सालय पी पी सी हापुड़ में किया गया जिसमें लगभग दस बच्चियों के माता पिता को बेबी किट देकर उज्जवल भविष्य की कामना की गई साथ ही साथ महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का प्रसार प्रचार कर पंपलेट बांटे गए ,जिसमें जिला महिला चिकित्सालय प्रभारी डॉक्टर राकेश सोनिया वन स्टॉप सेंटर मैनेजर सामाजिक कार्यकर्ता हुमा चौधरी रिंकू विजयलक्ष्मी उपस्थित रहे ।

# जनपद स्तरीय जिला उद्योग बन्धु की मासिक बैठक का आयोजन किया गया है

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) महोदय की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय जिला उद्योग बन्धु की मासिक बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र, एम0जी0 रोड हापुड़ पर सड़क, नाली की मरम्मत कराये जाने हेतु उप महा प्रबन्धक सिविल को निर्देशित किया गया। दिल्ली रोड़ पर बिजली ट्रिपिंग की समस्या का समाधान कराये जाने हेतु अधिशासी अभियंता, विद्युत हापुड़ को अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है। बैठक में श्रीमती खुशबू सिंह, उपायुक्त उद्योग, उप महा प्रबन्धक, सिविल, क्षेत्रीय प्रबन्धक, यूपीसीडा, अधिशासी अभियंता विद्युत, हापुड़ एवं पिलखुवा आदि के साथ-साथ जनपद के विभिन्न औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधि तथा उद्यमियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# सनसिटी बिल्डर के खिलाफ किसानों ने किया हल्ला बोल प्रदर्शन



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । भारत के स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर डासना इकला में सनसिटी बिल्डर के खिलाफ किसानों ने हल्ला बोल किया और राष्ट्रीय किसान दिवस रूप में मनाया और बिल्डर को चेताया जब तक किसानों की सभी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक यहां कोई काम नहीं होगा सभी किसानों ने एकजुट होकर बिल्डर के निर्माणधीण कार्य को बन्द कराया क्षेत्र के एल आई यू अधिकारी के आश्वासन के बाद सभी किसान नेता और सभी किसान कार्य बंद कराकर वापस लौटे इस मौके पर पंडित प्रदीप शर्मा, इकला पंडित, श्रवण कुमार शर्मा, नंदपुर जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी हापुड़ राजेंद्र यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश नागर, जिला अध्यक्ष महेंद्र प्रधान, इकला बिजेंद्र प्रधान, इकला मनोज गुर्जर, कमल भाटी, गजेंद्र भाटी ,हसीन चौधरी ,शहजाद चौधरी ,नितिन प्रधान ,इकला राजबीर शर्मा इकला आदि मौजूद रहे।

# सपाइयो ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह की 122 वीं जयंती



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। उत्तर प्रदेश के जनपद हापुड़ मे तहसील चौराहे स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर एकत्रित हुए सपाइयो ने प्रदेश सचिव देवेंद्र जाखड़ की अगुवाई में देश के पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 122 वीं जयंती मनाई। इस दौरान सपाइयो ने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपने-अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए और उन्हें याद कर अपनी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की प्रदेश सचिव देवेंद्र जाखड़ ने चौधरी साहब को याद करते हुए बताया कि स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह को पूरे देश में किसानों का मसीहा के नाम से जाना जाता है। किसानों के लिए चौधरी चरण सिंह द्वारा किए गए कार्य और उनका योगदान संपूर्ण भारत में अतुलनीय है। इस मौके पर देवेंद्र जाखड़ ,किशन सिंह तोमर ,संजय यादव ,दिनेश तोमर, शालू जौहरी, पदम सिंह, भोपाल सिंह ,रिंकू चौधरी, अंकित भड़ाना, मुन्नी यादव, अफजाल चौधरी, वाहिद चौधरी, बिलाल कुरैशी ,दिनेश जाटव, अनुभव चौधरी आदि समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दिल्ली में बूंदाबांदी हुई, वायु गुणवत्ता 'गंभीर' स्थिति में दर्ज की गई

नई दिल्ली । राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सुबह बूंदाबांदी हुई और कोहरा छाया रहा तथा न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से एक डिग्री कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, सुबह साढ़े आठ बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 402 यानी 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया। संभावना है कि बारिश की वजह से वायु गुणवत्ता में सुधार होगा। दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 95 प्रतिशत दर्ज किया गया। आईएमडी ने बताया कि अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

## बम की धमकियों से निपटने के लिए दिल्ली के स्कूलों के शिक्षकों को प्रशिक्षित करेगी पुलिस

नई दिल्ली । दिल्ली के स्कूलों को लगातार मिल रही बम की धमकियों से स्कूल प्राधिकारियों में दहशत फैल रही है, इसलिए दिल्ली पुलिस ने इस तरह के संकट से निपटने के लिए शिक्षकों और स्कूल कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस शिक्षा विभाग के सहयोग से सभी सरकारी और निजी स्कूलों के शिक्षकों के लिए एक सेमिनार का आयोजन करेगी। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) प्रशांत गौतम ने कहा, ''हम स्कूलों में बम की धमकी के दौरान बिना घबराए शांत रहने, प्रतिक्रिया करने और पुलिस के साथ समन्वय करने का तरीका सिखाएंगे।'' उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण सत्र से साइबर अपराधों के बारे में जागरूकता भी फैलेगी। पिछले 10 दिनों में दिल्ली के कई स्कूलों को बम की धमकियां मिली हैं। इन धमकियों के कारण कक्षाएं बाधित हुईं और कई जांच एजेंसियों ने तलाशी अभियान चलाया। जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया।

## लग्जरी वाहन चोरी करने वाले चार गिरफ्तार, स्मार्ट की-मैचिंग डिवाइस से बनाते थे चाबी

नोएडा । उत्तर प्रदेश के नोएडा के थाना सेक्टर-142 पुलिस सीआरटी और सीडीटी टीम के ज्वाइंट ऑपरेशन में चार शातिर अन्तर्राज्यीय वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से तीन लग्जरी कार, स्मार्ट की-मैचिंग डिवाइस टैब और अवैध असलहा बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद कासिम, इमाम कसाली, आयुष मित्तल और असलूफ बाबर के रूप में हुई है। उन्हें जयन्त पार्क के तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। उनके पास से बरामद दो कार नोएडा और एक कार दिल्ली से चुराई गई है। एडीसीपी हृदेश कठेरिया ने बताया कि यह गैंग कई राज्यों में सक्रिय था। वे कारों की रेकी करते। इसके बाद लॉक खोलने के लिए की-मैचिंग डिवाइस की मदद से नकली चाबी बनाते थे। इस चाबी से ये आसानी से कार चालू कर चोरी कर फरार हो जाते थे। इसके बाद सुनसान इलाकों और पार्किंग में कार खड़ी करके ग्राहक का इंतजार करते थे। ग्राहक मिलते ही फर्जी दस्तावेज तैयार कर कार बेच देते थे। एडीसीपी ने बताया कि गिरोह के सदस्य हाइटेक तरीके से वाहनों की चोरी करते थे। इनके पास की-प्रोग्रामिंग पैड होता है जिसे ये ऑनलाइन मंगवाते हैं। आरोपी की-प्रोग्रामिंग पैड का इस्तेमाल कर ईसीएम (इलेक्ट्रॉनिक कंटेंट मैनेजमेंट) मशीन को रिप्रोग्राम कर लेते हैं। इससे पूरी गाड़ी इनके नियंत्रण में आ जाती है। यह सब करने में आरोपियों को महज 10 से 15 मिनट का समय लगता है। आरोपी अपने पास गाड़ियों का लॉक तोड़ने और नकली चाबी बनाने के उपकरण भी रखते थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने एनसीआर में कई वारदातों को अंजाम दिया है। उनके पुराने आपराधिक इतिहास को भी खंगाला जा रहा है।

## दो शातिर चोर गिरफ्तार, 7.72 लाख नकद, पांच लाख की ज्वेलरी बरामद



नोएडा । उत्तर प्रदेश के नोएडा के बंद घरों में घुसकर चोरी करने वाले एक गैंग का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से सात लाख 72 हजार रुपये नकद और करीब पांच लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात भी बरामद हुए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जितेंद्र और राजेश के रूप में हुई है। वे पहले घरों की रेकी करते थे। इसके बाद मास्टर चाभी से घरों में बंद लॉक खोलकर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। पुलिस उनका आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है। साथ ही ये किसको माल बेचते थे और कितने लोग इस गिरोह में हैं, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। एडीसीपी हृदेश कठेरिया ने बताया कि नोएडा में 16 दिसंबर को जागृति अपार्टमेंट सेक्टर-71 और 18 दिसंबर को गली नंबर-7 ममूरा सेक्टर-66 में घरों में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से दोनों बदमाशों की पहचान की गई। इसके बाद सर्विलांस टीम और मुखबिर को एक्टिव किया गया। दोनों बदमाशों को गढ़ गोल चक्कर के पास सर्विस रोड से गिरफ्तार किया गया। एडीसीपी ने बताया कि ये दोनों अपने वाहनों के नंबर प्लेट उतारकर रेकी करते थे। इसके बाद बंद पड़े घरों में मास्टर-की की मदद से ताला खोलकर या तोड़कर घरों से कीमती सामान और पैसा तथा ज्वेलरी आदि चोरी करते थे। चोरी करने के बाद कुछ दूर जाकर अपने वाहन पर नंबर प्लेट लगाकर भाग जाते थे। दोनों बदमाश अपने साथियों के साथ गोपनीय रूप से बंद पड़े मकान में चोरी के जेवरात को तुरंत केमिकल से साफ कर उस पर लगे होलोग्राम को हटा देते थे। इसके बाद उन जेवरात को बेच देते थे। केमिकल से जेवरात को इसलिए साफ किया जाता था ताकि उसकी पहचान न की जा सके। वे दिल्ली, गाजियाबाद और अन्य शहरों में भी बड़ी वारदात को अंजाम दे चुके हैं। उनके पास से पुलिस ने 7,72,000 रुपये नकद, सोने और चांदी के कई गहने, एक चाकू और घटना में इस्तेमाल एक स्कूटी बरामद की है।

## भाजपा को प्रजा तंत्र, लोकतंत्र और संविधान से कोई मतलब नहीं - सचिन पायलट

नोएडा । राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट नोएडा के सेक्टर-52 पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिले के नेताओं के साथ मीडिया के सवालों के जवाब दिए। प्रेसवार्ता के दौरान सचिन गृह मंत्री अमित शाह पर जमकर बरसे। उन्होंने गृह मंत्री का बाबा साहेब पर दिया गया बयान गलत बताया। गृह मंत्री समेत पूरी भाजपा को इसके लिए पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। सचिन पायलट बोले, संपूर्ण देश में ना सिर्फ कांग्रेस पार्टी लेकिन हर वर्ग के लोग अंबेडकर साहब को बड़े मान-सम्मान से देखते हैं। उनकी मान्यता है पूरे देश में, मैं इसलिए नहीं बोल रहा हूं क्योंकि हम विपक्ष में है, लेकिन संसद में देश के गृहमंत्री जब इस बात को बोलते हैं तो उनके मन में प्रधानमंत्री के मन में कोई मतलब नहीं है प्रजा तंत्र लोकतंत्र और सम्मान का। कांग्रेस पार्टी ने यह मांग रखी है कि गृह मंत्री को न सिर्फ इस्तीफा देना चाहिए माफी भी मांगनी चाहिए। पूरी बीजेपी को माफी मांगनी चाहिए। अगर भाजपा में कोई ऐसा आदमी है जो अंबेडकर साहब को मानता है और उनकी मान्यता रखता है तो उन्हें माफी मांगनी चाहिए। गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए राज्यसभा में कहा था, अभी एक फैशन हो गया है- आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर.. इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। अमित शाह के इस बयान को कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियों ने बीआर आंबेडकर का अपमान बताया और गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की थी। गृह मंत्री ने आगे कहा कि आंबेडकर ने अपनी असहमति कई मुद्दों पर जताई थी, जैसे कि अनुसूचित जातियों और जनजातियों के साथ व्यवहार, सरकार की विदेश नीति और अनुच्छेद 370। उन्होंने कहा कि आंबेडकर को जो वादे किए गए थे, वे पूरे नहीं हुए और इसी कारण उन्होंने कैबिनेट से इस्तीफा दिया। शाह ने आंबेडकर के इस्तीफे की वजहों को विस्तार से बताया और इसे एक महत्वपूर्ण राजनीतिक निर्णय के रूप में प्रस्तुत किया।

## प्लेसमेंट सीजन 2024-25- आईआईटी दिल्ली के छात्रों को मिले 1200 से अधिक जॉब ऑफर




नई दिल्ली । भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के छात्रों को शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए जारी प्लेसमेंट सीजन में प्री-प्लेसमेंट ऑफर (पीपीओ) सहित 1200 से अधिक जॉब ऑफर मिले हैं। अब तक लगभग 1150 व्यक्तिगत छात्रों का चयन किया गया है, जो संस्थान के मजबूत प्लेसमेंट रिकॉर्ड को दर्शाता है। इस वर्ष अब तक कैंपस में डबल डिजिट में ऑफर देने वालों में अमेरिकन एक्सप्रेस, बार्कलेज, बीसीजी, ब्लूस्टोन ज्वेलरी एंड लाइफस्टाइल प्राइवेट लिमिटेड, ड्यूश इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, गोल्डमैन सैक्स, गूगल, ग्रेविटन रिसर्च कैपिटल, इंटेल इंडिया, मीशो, माइक्रोन टेक्नोलॉजी, माइक्रोसॉफ्ट, ओला, ओरेकल, पेयू, क्वाडआई, क्वालकॉम, रोबस्ट रिजल्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, शिपरॉकेट, स्क्वायरपॉइंट कैपिटल, टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स, ट्राइडेंट ग्रुप और ट्यूरिंग ग्लोबल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इस चरण में, छात्रों को जापान, नीदरलैंड, दक्षिण कोरिया, ताइवान, संयुक्त अरब अमीरात, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित कई वैश्विक क्षेत्रों के 15 से अधिक प्रतिष्ठित संगठनों से 50 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रस्ताव भी प्राप्त हुए हैं। मौजूदा प्लेसमेंट सीजन पर टिप्पणी करते हुए, ऑफिस ऑफ करियर सर्विसेज (ओसीएस) के प्रोफेसर-इन-चार्ज, प्रोफेसर नरेश वर्मा दातला ने कहा कि आईआईटी दिल्ली की शुरुआत बहुत अच्छी रही है और अब तक यह बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। हमारा मानना है कि आने वाले दिनों में भी इसी तरह का रुझान जारी रहेगा। ऑफिस ऑफ करियर सर्विसेज आने वाले दिनों में प्लेसमेंट के लिए आने वाले छात्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए कंपनियों और जॉब प्रोफाइल की रेंज का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। आईआईटी दिल्ली के ओसीएस के सह-प्रभारी प्रोफेसर सुरेश नीलकांतन ने कहा कि हम अपने छात्रों की प्रतिभा और क्षमता को पहचानने के लिए अपने भर्तीकर्ताओं की ईमानदारी से सराहना करते हैं और हम छात्रों को उनकी दृढ़ता और उत्कृष्ट प्रयासों के लिए बधाई देते हैं। अगले सेमेस्टर के अंत तक चलने वाला प्लेसमेंट सीजन आईआईटी दिल्ली के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के प्लेसमेंट पर केंद्रित है।

## अवैध तरीके से हुई थी अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी, संजय सिंह का बड़ा आरोप




नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पूरी तरह से अवैध और गैरकानूनी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना किसी सैंशन (अनुमति) के अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया था। यह गिरफ्तारी केवल आम आदमी पार्टी को कमजोर करने, दिल्ली सरकार को गिराने और अरविंद केजरीवाल की राजनीति को खत्म करने के उद्देश्य से की गई थी। केजरीवाल की गिरफ्तारी केवल राजनीतिक चाल- संजय सिंह ने कहा कि जब देश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री को प्रचंड बहुमत से निर्वाचित किया जाता है, तो उसे बगैर किसी कानूनी आधार के गिरफ्तार करना तानाशाही है। उन्होंने यह भी कहा कि यह गिरफ्तारी पूरी तरह से एक झूठे मामले पर आधारित थी। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर जो झूठी बुनियाद रखी गई थी, वह केवल राजनीति की चाल थी। आप ने वादे से ज्यादा काम किया- संजय सिंह ने दिल्ली सरकार द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कामों का उल्लेख करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल ने हमेशा वादे से ज्यादा काम किया है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने 2020 के दिल्ली चुनाव में कहा था कि अगर काम किया है तो वोट देना, अगर काम नहीं किया तो मत देना। दिल्ली की जनता ने फिर से उन्हें समर्थन दिया और पार्टी को 62 सीटों पर जीत दिलाई। आप सांसद ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने कुछ नई घोषणाएं भी की हैं, जिनसे दिल्ली की जनता को काफी लाभ मिलेगा। इनमें महिलाओं के लिए 1000 रुपये प्रति माह सम्मान राशि और 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों के इलाज का पूरा खर्च दिल्ली सरकार द्वारा उठाने का प्रावधान शामिल है। संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल देश के एकमात्र नेता हैं, जो अपने वादों से ज्यादा काम करके दिखाते हैं।

भाजपा का हर नेता झूठ बोलने में माहिर- संजय सिंह ने कहा कि भाजपा का हर नेता, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झूठ बोलने में माहिर हैं। उन्होंने 2 करोड़ रोजगार देने का वादा किया था, किसानों को फसलों के सही दाम देने का वादा किया था, लेकिन इनमें से कुछ भी नहीं हुआ। प्रधानमंत्री ने कालाधन के रूप में 15 लाख देने का झूठ बोला, और महंगाई कम करने का वादा किया था, जो आज तक पूरा नहीं हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि यह सब कुछ दिल्ली की जनता देख रही है, और आने वाले चुनावों में इसका जवाब भाजपा को देना होगा। दिल्ली की जनता इस बात को समझती है और आने वाले समय में इसका खामियाजा भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी को भुगतना पड़ेगा। लोकतांत्रिक ढंग से चुनी हुई सरकारों को इस तरह से खत्म नहीं किया जा सकता।

## यमुना में अमोनिया का स्तर बढ़ने से दिल्ली के कई इलाकों में जलसंकट

नई दिल्ली । यमुना नदी के वजीराबाद जलाशय में अमोनिया (एनएच3) का स्तर तेजी से बढ़ने के कारण राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में जल संकट उत्पन्न हो गया है। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान के अनुसार, अमोनिया का स्तर 5.0 पीपीएम से अधिक होने के कारण वजीराबाद जल संयंत्र से आपूर्ति में 25 से 50 प्रतिशत तक की कमी आई है। बयान में कहा गया है, ''इसके कारण स्थिति में सुधार होने तक दिल्ली के कई इलाकों में कम दबाव के साथ जलापूर्ति की जाएगी।''बान के मुताबिक प्रभावित इलाकों में मजनू का टीला, आईएसबीटी, जीपीओ, एनडीएमसी क्षेत्र, आईटीओ, हंस भवन, एलएनजेपी अस्पताल, डिफेंस कॉलोनी, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, राजघाट, डब्ल्यूएचओ, आईपी इमरजेंसी, रामलीला ग्राउंड, दिल्ली गेट, सुभाष पार्क, गुलाबी बाग, तिमारपुर, एसएफएस फ्लैट्स, पंजाबी बाग, आजादपुर, शालीमार बाग, वजीरपुर, लॉरेंस रोड, मॉडल टाउन, जहांगीरपुरी, मूलचंद, साउथ एक्सटेंशन, ग्रेटर कैलाश, बुराड़ी, छावनी क्षेत्रों के कुछ हिस्से और दक्षिण दिल्ली शामिल हैं। डीजेबी ने लोगों से पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने का आग्रह किया और मांग पर पानी के टैंकरों की उपलब्धता का आश्वासन दिया है। यमुना में अमोनिया का स्तर बढ़ना बड़ी और बार-बार होने वाली समस्या है जिसकी वजह से राष्ट्रीय राजधानी में जलापूर्ति प्रभावित होती है।

## 98वें बलिदान दिवस पर स्वामी श्रद्धानंद जी को श्रद्धांजलि दी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




नई दिल्ली । केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी,महान समाज सुधारक,गुरुकुल कांगड़ी के संस्थापक स्वामी श्रद्धानन्द सरस्वती का 98वां बलिदान दिवस आर्य समाज अशोक विहार फेस 1,ब्लॉक एफ,दिल्ली में सोल्लास मनाया गया। वैदिक विद्वान आचार्य प्रेमपाल शास्त्री ने अपने संदेश में कहा कि स्वामी श्रद्धानन्द जी का जीवन सामाजिक समरसता को समर्पित था।उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार की स्थापना कर पुरातन गुरुकुल शिक्षा प्रणाली को पुनर्जीवित किया।स्वामी श्रद्धानन्द निर्भीक संन्यासी थे उन्होंने कई मोर्चों पर अंग्रेजी हकूमत से लोहा लिया।उनके जीवन से आज प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।उन्होंने आगे कहा कि सर्वे भवंतु सुखिना की परंपरा से सनातन की रक्षा होगी महिला शिक्षा को आज भुला नहीं सकते अगर समाज में आगे बढ़ना है,स्वामी श्रद्धानंद का बलिदान रंग लाया है जो आज हम स्वतंत्रता से यज्ञादि श्रेष्ठ कार्य कर सकते हैं। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि स्वामी जी ने धर्मांतरित हिन्दुओं का पुन शुद्धिकरण कर घर वापिसी का मार्ग प्रशस्त किया व इसी के लिए बलिदान हो गए। उन्होने महिलाओं की शिक्षा के लिए जालन्धर में महाविद्यालय की स्थापना की।वह सर्वदानी थे,उन्होंने गुरुकुल कांगड़ी की स्थापना के लिए अपनी कोठी व प्रेस बेचकर अपना सर्वस्व दान कर दिया। आचार्य सतीश शास्त्री के ब्रह्मत्व में यज्ञ सम्पन्न हुआ उन्होंने कहा कि जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद उन्होंने अमृतसर में कांग्रेस अधिवेशन कर अपनी निर्भीकता का परिचय दिया था। आचार्य गवेंद्र शास्त्री ने कहा कि स्वामी दयानंद जी के प्रवचनों को सुनकर उनके जीवन में बदलाव आया और वे मुंशी राम से स्वामी श्रद्धानन्द बने उन्होंने आर्य समाज को कुशल नेतृत्व प्रदान किया और अनेकों गुरुकुलों की स्थापना की। योगेश वर्मा (पार्षद एवं अध्यक्ष केशवपुरम) ने कहा कि महर्षि दयानंद जी के बाद सबसे अधिक कार्य स्वामी श्रद्धानन्द जी ने संभाला। भाजपा नेता सतीश गर्ग, डा.महेन्द्र नागपाल (पूर्व विधायक),आचार्य महेन्द्र भाई,डालेश त्यागी,प्रवीण आर्य (गाजियाबाद) आदि ने भी अपने विचार रखे। गायक प्रवीन आर्या,सुधीर कुमार बंसल,शांति लाल,वीरेन्द्र आहूजा आदि ने मधुर गीत प्रस्तुत किये। अध्यक्षता आर्य नेता ओम सपरा ने की व स्वागताध्यक्ष प्रेम सचदेवा जी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप धर्मपाल आर्य, अरुण आर्य,जीवन लाल आर्य,आशा भटनागर,देवेन्द्र भगत,यज्ञवीर चौहान,डा प्रमोद सक्सेना,वेद प्रकाश आर्य,केके सेठी,श्याम पाल शास्त्री,सुरेश आर्य,राज कुमार भंडारी,देवेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## गलगोटिया विश्वविद्यालय ने किसान दिवस पर एसडी कन्या इंटर कॉलेज बिलासपुर में उन्नत-कृषि कार्यशाला का आयोजन किया

### ग्रामीण परिवेश में जाकर युवाओं को बताये आधुनिकतम कृषि के उपाय

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




ग्रेटर नोएडा। राष्ट्रीय किसान दिवस (किसान दिवस) के अवसर पर, गलगोटिया विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर ने एसडी कन्या इंटर कॉलेज के सहयोग से एक प्रेरणादायक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को सस्टेनेबल कृषि तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था, जिसमें मधुमक्खी पालन, वर्मीकंपोस्टिंग और वर्टिकल गार्डनिंग जैसी आधुनिक तकनीकें शामिल थीं। कार्यशाला को संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों, भूखमुक्ति (SDG 2) और जलवायु कार्रवाई (SDG 13) से जोड़ा गया था। इस कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं और युवा कृषि उत्साहियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण के अनुकूल तकनीकों को सीखा जो भविष्य में खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देंगी। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण इस प्रकार से रहे। मधुमक्खी पालन पर प्रदर्शन- डॉ. रविंद्र कुमार, सहायक प्रोफेसर, ने मधुमक्खी पालन की तकनीकों और इसके पर्यावरणीय व आर्थिक लाभों पर व्यावहारिक जानकारी दी। वर्मीकंपोस्टिंग पर सत्र पर बोलते हुए डॉ. कमलकांत यादव, सहायक प्रोफेसर, ने जैविक कचरे से खाद बनाने के तरीकों पर एक प्रभावशाली सत्र आयोजित किया। वर्टिकल गार्डनिंग पर प्रदर्शन पर डॉ. हेमलता, सहायक प्रोफेसर, ने सीमित स्थान में खेती की संभावनाओं को दिखाते हुए वर्टिकल गार्डनिंग की तकनीकों पर लाइव डेमो दिया। एसडी इंटर कॉलेज के छात्रों ने इंटीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम्स पर अपने प्रोजेक्ट्स का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रशंसापत्र और शुभकामनाएं- एसडी कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या,ममता शर्मा, ने कहा, गलगोटियास विश्वविद्यालय ने हमारे छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान कर शिक्षा को एक नया आयाम दिया है। इस कार्यशाला ने छात्रों को कृषि को एक करियर विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया है। कॉलेज के अध्यक्ष, यश कुमार, ने कहा, गलगोटिया विश्वविद्यालय ने शिक्षा और कृषि को जोड़कर एक नई मिसाल पेश की है। यह साझेदारी हमारे युवाओं को आधुनिक कृषि तकनीकों से लैस करने में बहुत ही मददगार होगी। वहीं, उप प्रधानाचार्या,प्रतिक्षा शर्मा, ने कहा, इस तरह की कार्यशालाएं छात्रों के भीतर जिज्ञासा और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करती हैं। हम भविष्य में और अधिक ऐसी पहल की उम्मीद करते हैं। किसान दिवस पर इस भव्य कार्यक्रम के आयोजन के लिये गलगोटिया विश्वविद्यालय के चांसलर,सुनील गलगोटिया, ने कहा, इस तरह के कार्यक्रम युवाओं को उन्नत कृषि के क्षेत्र में सशक्त बनाते हैं। यह हमारे हरित और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। विश्वविद्यालय के सीईओ, डॉ. ध्रुव गलगोटिया, ने कहा, हम शिक्षा को एक परिवर्तनकारी शक्ति बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मधुमक्खी पालन और वर्मीकंपोस्टिंग जैसी तकनीकों के माध्यम से हम युवा पीढ़ी को जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और कृषि स्थिरता में योगदान देने के लिए तैयार कर रहे हैं।

गलगोटिया विश्वविद्यालय का योगदान: गलगोटिया विश्वविद्यालय क्षेत्रीय किसान समुदायों के साथ सक्रिय सहभागिता के लिए जानी जाती है। विश्वविद्यालय नियमित रूप से परामर्श सत्र और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है, जो किसानों को कृषि से जुड़ी चुनौतियों का व्यावहारिक समाधान प्रदान करते हैं। इस कार्यशाला ने न केवल छात्रों को उन्नत कृषि के व्यावहारिक ज्ञान से सशक्त किया, बल्कि कृषि और शिक्षा के बीच की दूरी को भी पाटने में अहम भूमिका निभाई। यह कार्यक्रम एक आत्मनिर्भर और हरित भविष्य की दिशा में गलगोटिया विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

## 10 साल दिल्ली बेहाल- आप के खिलाफ भाजपा का आरोप पत्र, अनुराग ठाकुर बोले- पाप धोते-धोते यमुना काली हो गई




नई दिल्ली । दिल्ली में विधानसभा चुनाल होने वाले हैं। चुनावी माहौल के बीच भाजपा और आम आदमी पार्टी एक दूसरे पर आरोप लगा रही हैं। सोमवार को दिल्ली में भाजपा ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ भाजपा का आरोप पत्र जारी किया। भाजपा नेता अनुराग ठाकुर में एक बार फिर अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने कई मुद्दों पर केजरीवाल को घेरा और सवाल पूछे हैं। दिल्ली में प्रदूषण सबसे बड़ी समस्या है। दिल्ली में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने आरोप पत्र जारी करने के बाद कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने यमुना नदी को इतना प्रदूषित कर दिया है कि यह इतनी बदबूदार, झागदार और जहरीली हो गई है। आगे कहा कि मुझे याद है, 2022 में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केजरीवाल ने कहा था कि अगले चुनाव से पहले, वह लोगों के साथ यमुना नदी में डुबकी लगाएंगे, यानी 2025 के चुनाव से पहले। केजरीवाल को उनका वादा याद दिलाते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि 10 साल बीत गए हैं और 2025 में जाने के लिए केवल 10 दिन बचे हैं। क्या यमुना की सफाई हुई? क्या यमुना साफ हो गई है?, इतना ही नहीं उन्होंने कई सवाल भी पूछे हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल सहित दिल्ली सरकार के अनेक मंत्री और दर्जनों विधायक जेल जा चुके हैं। जो केजरीवाल सोनिया गांधी और शीला दीक्षित को जेल में डालने की बात करते थे, वे गंभीर आरोप लगने के बाद भी अपना पद छोड़ने के लिए तैयार नहीं थे।

केजरीवाल ने शराब घोटाला करने का काम- वीरेंद्र सचदेवा दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने केजरीवाल पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि लोगों को शिक्षा और स्वास्थ्य का सपना दिखाने वाले केजरीवाल ने शराब घोटाला करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर पूर्वी दिल्ली के दंगों का दाग अब तक लोगों की स्मृतियों से गायब नहीं हुआ है। अरविंद केजरीवाल पर दिल्ली दंगे करवाने का बेहद गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इन्हीं दंगों में आइबी अफसर अंकित शर्मा को मारा गया था। अरविंद केजरीवाल ने अंकित शर्मा को मारने का आरोपी ताहिर हुसैन आम आदमी पार्टी का ही पार्षद था। दिल्ली में घर-घर पहुंचेगा भाजपा का आरोप पत्र- विजेंद्र गुप्ता भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता आरोप पत्र कमेटी के अध्यक्ष थे जिनके नेतृत्व में पार्टी ने यह आरोप पत्र तैयार किया। यह पत्र दिल्ली की सभी विधानसभा में जनता को दिया जायेगा। पार्टी ने दिल्ली की सभी 62 सीटों के लिए, जहां पर आम आदमी पार्टी के विधायक चुनाव जीते थे, अलग-अलग आरोप पत्र भी तैयार किये हैं। आगे कहा कि केजरीवाल की सरकार नवीं और 11वीं के 1.5 लाख बच्चों को हर साल फेल कर देती है जिससे वह दिल्ली के सरकारी स्कूलों का रिकॉर्ड बेहतर दिखाया जा सके। भाजपा ने चार्जशीट में लगाए ये आरोप

दिल्ली में चुनाव के बीच भाजपा ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया। इस चार्जशीट में भाजपा ने कई आरोप लगाए हैं। जिसमें दो लाख छात्र शिक्षा से वंचित हैं। दिल्ली सरकार ने अपने स्कूलों का रिकॉर्ड बेहतर दिखाने के लिए 1.5 लाख छात्रों को फेल कर दिया। हजारों परिवार पानी के टैंकर से पानी पीते हैं। दस साल में दिल्ली के लोगों का एक भी राशन कार्ड नहीं बना है। प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना दिल्ली में नहीं लागू की गई। जिससे लोगों को पांच लाख रुपये का मुफ्त इलाज नहीं मिल पाया। इसके अलावा दिल्ली में प्रदूषण के कारण लोगों के जीवन में 17 वर्ष तक की कमी हुई। सफाई न होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर फैला और इसमें डूबकर छात्रों की दर्दनाक मौत हुई। देशविरोधी संगठन से आर्थिक लाभ लेने का आरोप भी लगाया है। आम आदमी पार्टी के एक सांसद ने विदेश में भारत विरोधी मुहिम चलाने वाले व्यक्ति से मुलाकात की। संसद पर हमले के दोषसिद्ध व्यक्ति के बचाव किया। इसके अलावा महंगे टैक्स लगाकर जनता को महंगाई दी।

## दिल्ली नगर निगम साउथ एक्सटेंशन भाग 2विद्यालय में मनाया गया विंटर कार्निवल



नई दिल्ली । क्रिसमस विंटर कार्निवल थीम पर एमसीडी विद्यालय साउथ एक्सटेंशन 2 मध्य क्षेत्र में भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन की मुख्य अतिथि डॉक्टर ओल्गा गौची पत्नी रूबन गौची हाई कमिश्नर माल्टा, अतिरिक्त आयुक्त (शिक्षा) अमित कुमार शर्मा, एनका वर्मा ट्रस्टी श्रीकांत वर्मा ट्रस्ट थीं। सुभाष मानव निदेशक ग्रामालय, हर्षित गुप्ता, अपर आयुक्त दिल्ली नगर निगम, उपनिदेशक शिक्षा मध्य क्षेत्र, स्कूल इंस्पेक्टर मध्य क्षेत्र ने भी कार्निवल में उत्साह पूर्वक भाग लिया। स्कूली छात्रों ने कार्निवल में बहुत से फन गेम्स, फन एक्टिविटीज, आर्ट एंड क्राफ्ट के विभिन्न स्टाल लगाए गए, सांस्कृतिक गतिविधियां तथा क्रिसमस कैरोल पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने डांस भी किया।

विआर तकनीक द्वारा गीला और सूखा कूड़ा अलग करने का खेल भी सिखाया गया जिससे छात्र बहुत प्रेरित हुए। श्रीमती एनका वर्मा ट्रस्टी श्रीकांत वर्मा ट्रस्ट ने विद्यालय छात्रों के लिए 11000 रुपए की राशि भेंट की तथा समस्त गणमान्य अतिथियों ने छात्रों हेतु चॉकलेट्स और गिफ्ट भी बांटे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य श्रीमती नीलम कुजूर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# संत प्रवर श्रीपाद बाबा महाराज का 28 वां त्रिदिवसीय समाराधन महोत्सव आयोजित किया जा रहा है



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

वृन्दावन। मोतीझील स्थित श्रीराधा उपासना कुंज में ब्रज अकादमी के तत्वावधान में ब्रज संस्कृति के उन्नायक, परम वीतराग व निस्पृह संत श्रीपाद बाबा महाराज का 28 वां त्रिदिवसीय समाराधन महोत्सव 29 से 31 दिसम्बर 2024 पर्यन्त अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया जा रहा है। जानकारी देते हुए महोत्सव के समन्वयक डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि महंत बाबा संतदास महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले इस महोत्सव का शुभारंभ 29 दिसम्बर को प्रात: 9 बजे संत शिरोमणि श्रीपाद बाबा महाराज के चित्रपट के पूजन-अर्चन के साथ होगा। तत्पश्चात 10 बजे से भक्त- भगवंत अर्चा एवं सायं 5 बजे से रासलीला का अत्यंत नयनाभिराम व चित्ताकर्षक मंचन होगा। 30 दिसम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे समाज गायन होगा।अपराह्न 3 बजे संत-विद्वत संगोष्ठी होगी।जिसमें प्रख्यात संत, विद्वान एवं धर्माचार्य भाग लेंगे।इसके अलावा सायं 5 बजे रासलीला आदि के कार्यक्रम होंगे।31 दिसम्बर को प्रात: 9 बजे संत-विद्वत संगोष्ठी का कार्यक्रम होगा। तत्पश्चात मध्याह्न 1 बजे संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा आदि के आयोजन सम्पन्न होंगे।सायं 5 बजे रासलीला की मनोहारी प्रस्तुति दी जाएगी। डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत भगवदाश्रित महिलाओं को ऊनी वस्त्र भी वितरित किए जायेंगे।साथ ही बालक-बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन भी होगा। पूज्य बाबा महाराज की शिष्या व ब्रज अकादमी की सचिव साध्वी डॉ. राकेश हरिप्रिया ने सभी भक्त-श्रृद्धालुओं से इस आयोजन में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# ठण्ड एवं शीतलहर से राहत पहुँचाने हेतु जनपद में शेल्टर होम/रैन बसेरें संचालित- जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गाजियाबाद। जनपद में शीतलहरी के दृष्टिगत शीतलहर/ठण्ड/पाला के दौरान निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को ठण्ड एवं शीतलहर से राहत पहुँचाने हेतु जनपद में शेल्टर होम/रैन बसेरें बनाये गये है। जिनके नियमित पर्यवेक्षण के लिए जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा नोडल अधिकारी लगाये है। जिनके द्वारा नियमित रात्रि भ्रमण /पर्यवेक्षण भी किया जाता है। नगर निकाय द्वारा संचालित रैन बसेरों का विवरण व उनकी क्षमता निम्नलिखित है— नगर निगम गाजियाबाद द्वारा संचालित रैन बसेरों में नासिरपुर फाटक निकट रेलवे क्रासिंग कविनगर(स्थायी) 20, ग्रीन हाउस नया गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के समीप(स्थायी) 30, आश्रय स्थल मैनापुर महीउद्दीनपुर,नियर बिजली घर मैनापुर न्यू फ्रेंड्स कालोनी सै-23 संजय नगर, नया गाजियाबाद रेलवे स्टेशन(अस्थायी) 20, डी0एल0एफ0 कालोनी के पीछे, पप्पू कालोनी मोहन नगर (स्थायी) 10, कम्यूनिटी सेन्टर, लाजपत नगर मोहननगर(स्थायी) 20, रोडवेज बस अड्डा के सामने मोहन नगर चौराहा (अस्थायी) 20, रेलवे स्टेशन रोड साहिबाबाद(अस्थायी) 20, पैसिफिक मॉल के सामने कौशाम्बी (अस्थायी) 20, कौशाम्बी बस अड्डे के अन्दर(अस्थायी) 20, कम्यूनिटी सेन्टर, कौशाम्बी (स्थायी) 20, आश्रय स्थल मकनपुर इन्दिरापुरम,नियर सिप्रा रिवेरा(बालिका इण्टर कॉलेज कैम्पस पानी की टंकी के पीछे) 100, मधूबन कूलर फैक्ट्री के पीछे मालीवाड़ा चौक(स्थायी) 10, कम्यूनिटी सेन्टर, लाल क्वार्टर लोहिया नगर(स्थायी) 20, संतोष अस्पताल के सामने पुराना बस स्टैण्ड(स्थायी) 20, रेड मॉल के पीछे नया बस अड्डा 20, सै0 11 बी ब्लाक प्रताप विहार विजय नगर(स्थायी) 20, आश्रय स्थल सुदामापुरी,विशाल इण्टरनेशनल पब्लिक स्कूल के पीछे ग्रेटर नोएडा मोड़ पर 100, डबल टंकी मिर्जापुर विजय नगर(अस्थायी) 20, आश्रय स्थल अर्थला,चिकम्बरपुर नियर वृन्दावन फार्म हाउस जी.टी. रोड मेट्रो पिलर नं0-03 बायीं अन्दर 100, आश्रय स्थल घूकना,नियर रेत मंडी पानी की टंकी के पास 100 हैं।

नगर पालिका परिषद खोड़ा-मकनपुर द्वारा लोकप्रिय विहार प्रथम, खोड़ा (सार्वजनिक शौचालय के पास) (अस्थायी) 20 लोगों की क्षमता वाला रैन बसेरा संचालित हैं। नगर पंचायत, डासना द्वारा कार्यालय परिसर नगर पंचायत डासना (अस्थायी) 10 लोगों की क्षमता वाला रैन बसेरा संचालित है। नगर पालिका परिषद, लोनी द्वारा शेल्टर होम वार्ड-31, नवीन कुंज, लोनी (स्थायी) 100 लोगों की क्षमता वाला रैन बसेरा संचालित है। नगर पालिका परिषद मुरादनगर द्वारा वार्ड नं0-06 चम्पा देवी प्राइमरी पाठशाला के पास (अस्थायी) 15 लोगों की क्षमता वाला रैन बसेरा संचालित है। नगर पालिका परिषद मोदीनगर द्वारा आश्रय स्थल संजयपुरी (स्थायी) 100, नगर पालिका परिषद मोदीनगर छतरी वाला मन्दिर,बस अड्डा। (अस्थायी) 10 लोगों की क्षमता वाला रैन बसेरा संचालित है। नगर पंचायत फरीदनगर सामुदायिक विकास केन्द्र में निकट कार्यालय नगर पंचायत फरीदनगर (अस्थायी) 05 लोगों की क्षमता वाला रैन बसेरा संचालित है। नगर पंचायत पतला में कृष्णा पार्क वार्ड नं0-03 नगर पंचायत पतला (अस्थायी) 15 लोगों की क्षमता वाला रैन बसेरा संचालित है। नगर पंचायत निवाड़ी में वार्ड नं0-01 इन्द्रापुरी भाग-01 पुराना कार्यालय नगर पंचायत निवाड़ी (अस्थायी) 50 लोगों की क्षमता वाला रैन बसेरा संचालित है।

जिलाधिकारी गाजियाबाद श्री इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा आम-जनमानस से अपील की गयी है कि यदि कोई निराश्रित/ असहाय व्यक्ति सड़क पर सोता हुआ दिखे तो उसे अपने निकटतम शेल्टर होम/रैन बसेरों में पहुँचाये जाने हेतु उपजिलाधिकारी/तहसीलदार एवं नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत से सम्पर्क स्थापित कर उसे रैन बसेरे मे पहुँचाने का कष्ट करें। जिलाधिकारी गाजियाबाद के निर्देश पर सौरभ भट्ट अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने शासनादेश के अनुसार उक्त के अतिरिक्त के बढ़ती ठण्ड के दृष्टिगत जनपद वासियों हेतु निम्नलिखित दिशा-निर्देश (एडवाइजरी) जारी करते हुए बताया कि लंबे समय तक ठंड के संपर्क मे रहने से बचें। शरीर को सूखा रखें एवं गर्म कपड़ो से ढक कर रखे। शरीर को गर्म रखने हेतु गर्म पेय पदार्थ एवं पौष्टिक आहार का सेवन करें। हीटर, ब्लोअर, कोयले की अंगीठी आदि चलाते समय थोड़ी खिड़की खोलकर रखे और सोने से पहले इन सभी को बंद कर दें। ठण्ड के समय फ्लू,नाक बहना जैसी विभिन्न बिमारीयों की संभावना बढ़ जाती है जो आमतौर पर ठण्ड के लम्बे समय तक संपर्क मे रहने के कारण होती है। ऐसे लक्षणों के होने पर डाक्टर से परामर्श लें। शीतलहर के समय बुजुर्गो, नवजात शिशुओं तथा बच्चों का विशेष ध्यान रखें। शीतलहरी के समय अत्यन्त आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें, यदि सम्भव हो तो यात्रा से बचें। पर्याप्त रोग प्रतिरोधक शक्ति और शरीर के तापमान के संतुलन को बनाए रखने के लिए स्वस्थ्य भोजन, विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं। शीतदंश( यथा शरीर के अंगो के सुन्न पड़ने, हाथ-पैरो, कान एवं नाक पर सफेद या पीले रंग के दाग इत्यादि पड़ने पर) जैसी विभिन्न बीमारीयों के लक्षण होने पर तत्काल डाक्टर से संपर्क करें। ठण्डे पानी के स्थान पर हल्के गर्म पानी का प्रयोग करें।

# संसद सदस्य डॉ. लक्ष्मी कांत बाजपेयी द्वारा विकास भवन सभागार में 30 लोगों को पोषण किट वितरित की गई



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। भारत सरकार की ओर से चल रही एक अनूठी योजना के तहत विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत माननीय संसद सदस्य डॉ. लक्ष्मी कांत बाजपेयी के प्रयासों से उत्तर प्रदेश के जनपद हापुड़ के सभी विकास खण्ड में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत संकल्प हेतु तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ONGC) के सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत अवंत फाउंडेशन के द्वारा 5941 पोषण किट्स और एक आरोग्य रथ (चलित स्वास्थ्य इकाई) का आज दिनांक 23 दिसंबर 2024 को हरी झंडी दिखाई गई और आज विकास भवन हापुड़ में ग्रामीण क्षेत्रों में पल रहे कुपोषित बच्चों को पोषण किट का वितरण भी किया गया। इस भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ विकास भवन , हापुड़ में माननीय राज्य सभा सांसद डॉ.लक्ष्मीकांत बाजपेई जी के करकमलों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में अवंत फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं भारत सरकार के वरिष्ठ सलाहकार श्री अवनीश त्रिपाठी जी , जिले के प्रशासनिक अधिकारी आदि उपस्थित रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रशंसनीय प्रयास के साथ-साथ आयुष्मान भारत की स्वास्थ्य संचालित पहल करने हेतु अवंत फाउंडेशन ने तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ONGC) के साथ एक अनुबंध किया है। तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ONGC) द्वारा समर्थित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत आरोग्य रथ (चलित स्वास्थ्य इकाई) को एक वर्ष के कार्यकाल के लिए पूरे जनपद में एवं निकट के जनपदों में चलाने की योजना है। जिसके तहत जनपद के सभी विकास खंड में स्वास्थ्य शिविर लगवाए जायेंगे और साथ ही कुपोषित बच्चों को सुपोषण प्रदान करने के लिए 5941 पोषण किट्स का वितरण किया जाएगा । जनपद के प्रत्येक गांव वर्ष पर्यन्त संचालित आरोग्य रथ (चलित स्वास्थ्य इकाई) में एक अनुभवी चिकित्सक और एक औषधियोजक उपस्थित रहेगा। इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य को बेहतर बनाना और जन - जन तक निरोगी काया को स्वस्थ रखने का संदेश पहुंचाना है। शिविर में दवाइयां, शरीर को निरोग रखने के नियम , रोगों से बचाव , बच्चों को सुपोषित आहार देना आदि सामग्री वितरित की जायेगी । आरोग्य रथ के द्वारा दूर दराज के ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य लाभ सलाह और औषधियां नि:शुल्क प्रदान कराई जाएंगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत ओ0एन0जी0सी0 और अवंत फाउंडेशन द्वारा आयोजित भव्य स्वास्थ्य शिविर में सभी लाभार्थियों को निशुल्क परामर्श और दवाइयां उपलब्ध कराई जाएंगी। इन स्वास्थ्य शिविरों में एक एमबीबीएस चिकित्सक और एक औषधियोजक उपस्थित रहेगा जो कि शिविर पर आने वाले सभी लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण करके उनको दवाई उपलब्ध कराई जाएगी तथा उचित मार्गदर्शन दिया जाएगा । जमीनी स्तर पर जनता के व्यापक कल्याण के लिए अवंत फाउंडेशन ने हमेशा देश भर में पहल की है। यह स्वास्थ्य केंद्रित कार्यक्रम न केवल स्वस्थ भोजन खाने की आदत को प्रोत्साहित करता है बल्कि स्वास्थ्य जीवन शैली बनाए रखने को भी प्रेरित करता है। माननीय संसद सदस्य डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेई जी ने इस कार्यक्रम के लिए ओ.एन.जी.सी के प्रबंध निदेशक श्री अरूण कुमार सिंह, सी.एस.आर. और अवंत फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया।हापुड की महिलाओं और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए यह माननीय संसद सदस्य डॉ. लक्ष्मी कांत बाजपेयी के सराहनीय प्रयास हैं। उन्होंने ओ.एन.जी.सी से यह कार्यक्रम समस्त प्रदेश में लागू करने की अनुशंसा भी की।आज के इस कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, डिप्टी कलेक्टर इला प्रकाश , जिला सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह सहित सभी प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

# अभिनंदन समारोह 24 दिसंबर 2024 को आयोजित किया गया है



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

मथुरा। परिक्रमा मार्ग स्थित बिंदु सेवा संस्थान के अम्माजी गार्डन में ब्रज प्रेस क्लब व वृंदावन बाल विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में अभिनंदन समारोह 24 दिसंबर 2024 को दोपहर 2 बजे से आयोजित किया गया है। जानकारी देते हुए ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु, एडवोकेट एवं वृंदावन बाल विकास परिषद के संस्थापक अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने बताया कि अभिनंदन समारोह में उत्तर प्रदेश राज्य मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के लगातार पांचवीं बार अध्यक्ष बने वरिष्ठ पत्रकार हेमंत तिवारी एवं लखनऊ के वरिष्ठ पत्रकार और आई.एफ डब्ल्यू.जे. के राष्ट्रीय सचिव सिद्धार्थ कलहंस को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजन में ब्रज के वरिष्ठ पत्रकार, विद्वान, साहित्य मनीषी, भागवताचार्य, सामाजिक, राजनैतिक एवं समाज सेवी संस्थाओं के प्रमुख भाग लेंगे।

# भारतीय किसान यूनियन लोकहित कार्यकर्ताओं ने बड़ी धूमधाम से मनाई किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। भारतीय किसान यूनियन लोकहित हापुड में किसान दिवस पर किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती पर चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा स्थल पर पूजा प्रार्थना और माला अर्पण करके चौधरी चरण सिंह जी की जयंती का अयोजन किया बकु लोकहित के राष्ट्रीय प्रवक्ता हरीश हूण ने कहा चौधरी साहब की जयंती के साथ-साथ आज किसान को चौधरी साहब के विचारों को अन्नुसरण करके देश की राजनीति में अपनी हिससे दारी मंगनी होगी चौधरी चरण सिंह ने कहा था कि देश की तरक्की का रास्ता खेत खलियों से होकर जाता है और किसान को एक नजर अपनी फसल पर दूसरी नजर दिल्ली की सत्ता पर रखनी चाहिए बीकयू लोकहित के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र बाना ने बताया कि किसान अपने मसीहा चौधरी चरण सिंह जी के विचारो पर हर वक्त हर सांस के साथ पहरा देगा चौधरी चरण सिंह किसान जीवन के उत्थान के लिए एक विचार और मार्गदर्शक हैं किसान हितो के लिए चौधरी चरण सिंह का नाम अमर रहेगा।

# एसएसपी ने किया कोतवाली का नवनिर्मित बैरक, मेस, व मालखाना, ऑफिस, का उद्घाटन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। शिकारपुर एसएसपी श्लोक कुमार, ने कोतवाली में नवनिर्मित महिला, पुरूष कर्मचारी बैरक, मेस व कोतवाली कार्यालय का रिबन काटकर उद्घाटन किया स्मार्ट बैरक व भोजनालय तैयार होने पर कर्मचारियों में प्रसन्ता व्यक्त की है पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) कोतवाली प्रभारी प्रखर पाण्डेय, कस्बा इंचार्ज आदेश कुमार, की देखरेख में जीर्णोद्धार के उपरान्त तैयार हुई बैरक, भोजनालय व कोतवाली कार्यालय के उद्घाटन के दौरान सीओ शिव ठाकुर, व एस आई विजय सिंह, एस आई चन्द्रपाल सिंह, भी मौजूद रहे एसएसपी श्लोक कुमार, ने कोतवाली कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि कर्मचारियों के हित के लिए हर सम्भव प्रयास लगातार करते रहेंगे कोतवाली प्रभारी प्रखर पाण्डेय, ने बताया कि एसएसपी, अपने अधीनस्थों के जीवन स्तर, रहन-सहन, खेल गतिविधि को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास करते रहते है कोतवाली के बैरक एवं शौचालयों का उच्चीकरण आदि कराया गया है कोतवाली में महिला पुरुष बैरक, भोजनालय एवं कोतवाली कार्यालय की जीर्णोद्धार कराया गया उद्घाटन के बाद भोज का आयोजन भी किया गया ।

# बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 'प्रगति यात्रा' पर हुए रवाना, करेंगे प्रगति की समीक्षा

पटना । बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी 'प्रगति यात्रा' पर रवाना हो गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी यात्रा की शुरुआत वाल्मीकिनगर से करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के लिए पटना से रवाना हुए। उनके साथ कई मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी भी बेतिया गए हैं। बताया गया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी यात्रा की शुरुआत बेतिया के वाल्मीकि नगर के घोटवा टोला से करेंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में जाएंगे और लोगों की राय भी जानेंगे। इस दौरान वह करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे। इस बीच वह विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। मुख्यमंत्री अपनी यात्रा के क्रम में जीविका समूह की महिलाओं से भी संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर इलाके में सुरक्षा के तगड़े प्रबंध किए गए हैं। क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। यात्रा के पहले चरण में मुख्यमंत्री 23 से 28 दिसंबर तक छह जिलों में जाएंगे। कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश 24 दिसंबर को पूर्वी चंपारण, 26 को शिवहर-सीतामढ़ी, 27 को मुजफ्फरपुर और 28 दिसंबर को वैशाली का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान समीक्षा बैठक में 23 और 24 दिसंबर को नौ विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव उपस्थित रहेंगे। इन विभागों में शिक्षा, राजस्व एवं भूमि सुधार, पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सहकारिता और ग्रामीण विकास विभाग शामिल हैं। कई अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए भी बैठक में शामिल होंगे। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के पूर्व मुख्यमंत्री की इस यात्रा को एनडीए के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# किसानों की समृद्धि के लिये लगातार हो रहे हैं काम – योगी



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि देश की समृद्धि के लिये अन्नदाता किसान को समृद्ध हो जरुरी है और इसे ध्यान में रखते हुये डबल इंजन की सरकार लगातार काम कर रही है। पूर्व प्रधानमंत्री और किसानो के मसीहा माने जाने वाले चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हे श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुये श्री योगी ने कहा चौधरी साहब कहा करते थे कि किसान गरीब होगा तो भारत अमीर नहीं हो सकता। भारत को समृद्ध बनाने के लिए अन्नदाता किसान को समृद्ध बनाना पड़ेगा। इसे ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार द्वारा किसानों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। किसानों के लिए 2014 से जो प्रयास प्रारंभ हुआ, दुनिया उसे मॉडल के रूप में ले रही है। मुख्यमंत्री 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह की 12-2वीं जयंती %किसान सम्मान दिवस% पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होने विधानसभा स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के अंतर्गत 11कृषकों को ट्रैक्टर की चाबी दी और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होने कहा कि आजादी के बाद किसानों के मुद्दों को लेकर चौधरी चरण सिंह का कांग्रेस के साथ मतभेद हुआ था, लेकिन श्री मोदी ने पहली बार किसानों को भारत के राजनीतिक एजेंडे व सरकार की प्राथमिकताा बनाने का कार्य किया।स्वॉयल हेल्थ कॉर्ड, उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराने, खेती को तकनीक से जोड़ने, कृषक दुर्घटना बीमा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि सिंचाई योजना, किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं से किसानों की उन्नति के लिए कार्य किए जा रहे हैं। श्री योगी ने कहा कि 2014 में पीएम ने कहा था कि हमें किसानों की आमदनी को दोगुना करना है। प्रदेश में 1996 से 2017 तक (22 वर्ष) में कुल 95 हजार करोड़ रुपये गन्ना किसानों के खाते में गया था, लेकिन 2017 से अब तक 2 लाख 61 हजार करोड़ की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजा गया है। पीएम मोदी का जोर है कि लागत को कम करना व उत्पादन को बढ़ाना है और इसी के माध्यम से किसान को समृद्ध व खुशहाल कर सकते हैं। उन्होने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने साढ़े सात वर्ष में 23 लाख हेक्टेयर भूमि को अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा दी। 14 लाख निजी नलकूपों को प्रदेश सरकार द्वारा फ्री में विद्युत उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके एवज में दो से ढाई हजार करोड़ रुपये प्रतिवर्ष सरकार अपने पास से पैसा दे रही है। पहले से लगे ट्यूबवेल को सोलर पैनल से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। किसान अपनी आमदनी बढ़ा सकें, इसके लिए भी केंद्र व प्रदेश सरकार की तरफ से कई पहल की गई है। श्री योगी ने सम्मानित होने वाले किसानों के कार्यों की तारीफ की और कहा कि इन किसानों का पुरुषार्थ प्रेरणादायी है। खेती घाटे का सौदा नहीं है, बल्कि ईमानदारी से कार्य करने पर इसके सुखद परिणाम आएंगे। सीएम ने एक हेक्टेयर में उच्चतम फसल उगाने वाले सफल किसानों की कहानी बताई। गोरखपुर के किसान श्याम दुलारे यादव ने एक हेक्टेयर खेती में 79 कुंतल गेहूं, रायबरेली के फूलचंद ने 44.12 कुंतल का उत्पादन किया है। जालौन के हेमंत कुमार ने 45 कुंतल मटर, सिंगार सिंह (पीलीभीत) ने 28.40 कुंतल, राजीव कुमार (औरैया) ने 44.40 कुंतल सरसो, नंदलाल (पीलीभीत) ने 90.20 कुंतल धान, श्रीरामबचन (बहराइच) ने एक हेक्टेयर में 80.64 कुंतल मक्का, श्रीरामलगन (आजमगढ़) ने 28.40 कुंतल उड़द, मथुरा के महेश चंद ने 32.20 कुंतल उत्पादन किया है। चरण सिंह (फिरोजाबाद) ने 13 कुंतल तिल, काशी प्रसाद (जालौन) ने 13 कुंतल का उत्पादन किया है। उन्होने उद्यमिता की तरफ कदम बढ़ाने वाले किसानों को बधाई दी और कृषि विभाग से कहा कि इनकी पद्धति को कृषि विज्ञान केंद्रों तक पहुंचाइए। इनके कार्यों को जानने का अवसर अन्य किसानों को मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें लागत को कम करने के लिए विषमुक्त खेती की तरफ जाने की आवश्यकता है। धरती को मां कहते हैं, लेकिन इसकी सेहत का ख्याल नहीं रख पा रहे हैं। हमें इसके लिए तकनीक अपनानी चाहिए, प्रशिक्षण व जानकारी लेनी चाहिए। प्रदेश में लगभग सवा लाख एकड़ क्षेत्रफल में प्राकृतिक खेती हो रही है। इसे बढ़ाने की आवश्यकता है, जिससे भावी पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल व सुरक्षित कर पाएंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मत्स्य मंत्री डॉ. संजय निषाद, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, अमरेश कुमार, जय देवी, देवेंद्र निम, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान, गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पूरी पारदर्शिता के साथ हो बजट घोषणाओं की त्वरित क्रियान्विति- भजनलाल



जयपुर । राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने वर्ष 2024-25 की बजट घोषणाओं को आगामी बजट से पूर्व धरातल पर क्रियान्वित करने के निर्देश दिए हैं। श्री शर्मा रविवार रात मुख्यमंत्री निवास पर वर्ष 2024-25 की चिह्नित बजट घोषणाओं पर आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी पूरी जवाबदेही के साथ विकास कार्यों को पारदर्शिता से पूरा करते हुए प्रदेश को विकसित राजस्थान के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ाएं। बैठक में मुख्यमंत्री ने 32 विभागों की विभिन्न घोषणाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों को बिजली-पानी उपलब्ध कराने के लिए तेजी से कार्य कर रही है। इसी क्रम में ब्राह्मणी नदी बांध परियोजना से दक्षिणी से पश्चिमी राजस्थान तक के क्षेत्रों को पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने जल संसाधन विभाग को योजना पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने आगामी गर्मी के मौसम में पेयजल सुविधा के बेहतर प्रबंधन के लिए जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को समर कंटीजेंसी प्लान पर कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में हैंडपम्प एवं ट्यूबवैल पानी की व्यवस्था का माध्यम है वहां आंकलन कर अतिरिक्त ट्यूबवैल और हैंडपम्प लगाए जाएं। उन्होंने भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए कर्मभूमि से मातृभूमि कार्यक्रम को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के निर्देश भी दिए। श्री शर्मा ने उद्योग विभाग के अधिकारियों को औद्योगिक क्षेत्रों का सघन सर्वेक्षण कराते हुए उन क्षेत्रों के मालिकों को नोटिस देने के निर्देश दिए हैं, जिन्होंने निर्धारित समयावधि में कार्य प्रारम्भ नहीं किया है। उन्होंने ऐसे क्षेत्रों की पुन: नीलामी के लिए भी निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने राजस्थान आवासन मण्डल के अधिकारियों को आवासीय संपत्तियों के निस्तारण के लिए भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने ब्यावर, कोटा, जालौर, राजसमंद, सिकन्दरा में स्टोन मंडियों की स्थापना एवं स्टोन क्लस्टर्स के उन्नयन के कार्यों की समीक्षा करते हुए उद्योग विभाग को व्यापारियों के लिए बुनियादी सुविधाएं विकसित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने आई. टी.आई. संस्थानों के नियमित निरीक्षण के लिए भी निर्देशित किया। श्री शर्मा ने सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए यातायात नियमों के संबंध में जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने परिवहन विभाग को ओवर स्पीडिंग वाहनों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्री वाहनों की स्पीड सीमा को इंगित करती हुई एक दिशा-निर्देशिका बनाई जाए, जिसकी पालना पूर्ण रूप से सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने प्रदेशभर में छोटे एवं बड़े बस स्टैण्ड के लिए एकरूप मॉडल बनाने के निर्देश भी दिए। श्री शर्मा ने दिव्यांगों एवं वंचित वर्ग की सुविधाओं के लिए जामडोली में स्वयं सिद्धा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने नशा मुक्ति केन्द्रों की संख्या बढ़ाने एवं कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल एवं पेइंग गेस्ट की सुविधाओं का विस्तार करने के लिए भी निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक निर्माण विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समान कार्यों के लिए एक साथ ही टेंडर निकालने के लिए निर्देशित किया ताकि समय की बचत हो सके और जनसुविधाओं के कार्य जल्द प्रारम्भ हो सके। श्री शर्मा ने जयपुर के सांगानेर क्षेत्र में प्रदूषित जल को ट्रीट करने वाले प्लांट में देरी पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सहकार मार्ग स्थित इमली फाटक एवं रिद्धी-सिद्धी चौराहा पर प्रस्तावित फ्लाईओवर्स की विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# चाय बनाने वाले फ्लास्क वाली मशीन से निकला 34.67 लाख का सोना

नई दिल्ली । कस्टम विभाग की टीम ने इंदिरड्ड्डा गांधी इंटरनेशनल (आईजीआई) एयरपोर्ट पर सोने की तस्करी के एक मामले का खुलासा करते हुए 467 ग्राम सोना बरामद किया है। जिसे चाय बनाने वाले मशीन में छुपाकर लाया गया था। इस मामले में पुलिस ने उप्र के रहने वाले एक हवाई यात्री को पकड़ा है। आरोपित रियाद की इंटरनेशनल फ्लाइट से आईजीआई एयरपोर्ट दिल्ली पहुंचा था। लेकिन यहां ग्रीन चैनल पार करने के बाद ही कस्टम की टीम ने उसे पकड़ लिया। कस्टम प्रवक्ता के अनुसार जब उस हवाई यात्री के लगेज की एक्स-रे मशीन में जांच की गई तो संदिग्ध नजर आया। सामान की जांच की गई तो सिल्वर कोटेड मैटेलिक ग्लास के अंदर से येलो रंग का पीस बरामद किया गया। उसके अंदर 24 कैरेट के 467 ग्राम गोल्ड बरामद किया गया। जिसकी कीमत 34 लाख 67 हजार रुपए बताई जा रही है। आगे की छानबीन कस्टम की टीम कर रही है।